शुक्रवार, 15 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 35 |
| आर्द्रता | 65% |
| सूर्योदय: 04:56 | सूर्यास्त: 18:08 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा


उत्तर प्रदेश में आंधी–बारिश से तबाही, 96 लोगों की मौत पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : समय वो जज है जो बिना अदालत के फैसला सुना देता है।

# बंगाल के स्कूलों में 'वन्दे मातरम्' अनिवार्य

## सुबह की सभा में होगा गायन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की सभा के दौरान राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का गायन अनिवार्य कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, स्कूल शुरू होने पर होने वाली सभा में हर विद्यार्थी के लिए राष्ट्रगीत के गायन में भाग लेना अनिवार्य है। शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से कहा कि अगले सोमवार से राज्य भर में सभी विद्यालयों में प्रार्थना गीत के रूप में 'वन्दे मातरम्' की शुरुआत की जाएगी। मैं आज नवान्न (सचिवालय) जाकर उन्हें इस बारे में सूचित करूंगा। बाद में, शुभेंदु अधिकारी ने 'एक्स' पर इस निर्णय के महत्व को रेखांकित करने का प्रयास करते हुए लिखा कि राज्य सरकार ने पिछले सभी आदेशों और प्रथाओं को निरस्त करते हुए शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में कक्षाओं के प्रारंभ से पहले प्रार्थना के दौरान राष्ट्र गीत – वंदे मातरम् गाना अनिवार्य कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने इस पोस्ट के साथ आधिकारिक अधिसूचना की एक प्रति भी साझा की। शिक्षा निदेशक द्वारा 13 मई को सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रमुखों को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कक्षाओं की शुरुआत से पहले सुबह की सभा में 'वन्दे मातरम्' का गायन अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि राज्य के सभी स्कूलों में तत्काल प्रभाव से सभी बच्चे इसे गाएं। स्कूल शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि राष्ट्रगीत का गायन प्रार्थना सभा के आरंभ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन को इस कार्यान्वयन के प्रमाण के रूप में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित पूरी कार्यवाही का दस्तावेजीकरण करने के लिए भी कहा गया है।

## मुख्यमंत्री ने धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। गुरुवार को नवान्न में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल या धार्मिक कार्यक्रम में निर्धारित सीमा से अधिक आवाज में माइक नहीं बजाया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन होने पर पुलिस को तत्काल और कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी होगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास ध्वनि प्रदूषण को किसी भी हालत में



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि लाउडस्पीकर और माइक के इस्तेमाल के दौरान तय ध्वनि सीमा का सख्ती से पालन कराया जाए। यदि कहीं भी निर्धारित मानक से अधिक आवाज में माइक बजता पाया जाता है, तो संबंधित आयोजकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि कानून सभी के लिए समान है और धार्मिक आयोजनों के नाम पर नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि इस मामले में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और स्थानीय स्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। पुलिस प्रशासन को यह भी निर्देश दिया गया है कि संवेदनशील इलाकों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# भारत एलपीजी ला रहे दो टैंकर ने होर्मुज को पार किया, एक भारतीय नौका हमले में डूबी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे दो टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है, जबकि इसी क्षेत्र के पास हुए हमले में एक भारतीय नौका डूब गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि 'सिमी' नामक एलपीजी टैंकर 13 मई को जलडमरूमध्य पार कर गया, जबकि 'एनवी सनशाइन' टैंकर ने बृहस्पतिवार को सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार किया। अमेरिका–इजराइल के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद यह समुद्री मार्ग प्रभावी रूप से बाधित था, लेकिन अब तक कुल 13 भारतीय पोत इस मार्ग से निकल चुके हैं।हालांकि, भारत के ध्वज वाली मशीनी पाल नौका 'हाजी अली' बुधवार तड़के ओमान के जलक्षेत्र में हमले का शिकार हो गई। इस हमले में लकड़ी के इस पोत में आग लग गई और बाद में यह डूब गई। यह नौका सोमालिया से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह की तरफ जा रही थी।मंगल ने कहा, पोत पर सवार चालक दल के सभी 14 सदस्यों को ओमान तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया है। वे ओमान के डिब्बा बंदरगाह पहुंच चुके हैं और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस नौका के चालक दल को जल्द भारत लाया जाएगा और इस संबंध में भारत सरकार ओमान प्रशासन तथा भारतीय दूतावास के साथ समन्वय बनाए हुए है। अधिकारियों के अनुसार, डूबी हुई नाव की लंबाई 57 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर थी। यह लकड़ी से बनी एक पारंपरिक नौका थी जिसमें कई पाल लगे होते हैं। इस तरह के जहाजों का इस्तेमाल सदियों से हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार के लिए किया जाता रहा है।

### ओमान तट के पास भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज पर हमला अस्वीकार्य: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि ओमान के तट पर भारतीय ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर हमला हुआ है। हालांकि पोत पर मौजूद चालक दल के सभी 14 सदस्य सुरक्षित हैं। बुधवार को पोत पर हमला किसने किया यह अब तक पता नहीं चल पाया है। विदेश मंत्रालय ने इस हमले को 'अस्वीकार्य' करार दिया। मंत्रालय ने कहा, कल (बुधवार को) ओमान के तट पर भारतीय ध्वज वाले पोत पर हुआ हमला अस्वीकार्य है और हम इस बात की निंदा करते हैं कि वाणिज्यिक जहाजों व नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा, जहाज पर सवार चालक दल के सभी भारतीय सदस्य सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमान के अधिकारियों के आभारी हैं।

# रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

## यूक्रेन औंर पश्चिम एशिया पर चर्चा

नयी दिल्ली : रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान भारत के उस दृढ़ रुख को दोहराया कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का बेहतर मार्ग है। मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के प्रति भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रूस के विदेश



मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति के बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।''उन्होंने कहा, ''हमने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान–प्रदान किया। हमने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के प्रति अपने निरंतर समर्थन को दोहराया।''

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि लावरोव ने दिसंबर 2025 में 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति के बारे में मोदी को जानकारी दी।बयान में कहा गया है, ''विदेश मंत्री लावरोव और प्रधानमंत्री ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।''

# निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग का स्वतंत्र दिखना भी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**अदालत ने पूछा– चयन समिति में निष्पक्ष सदस्य क्यों नहीं?**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग का स्वतंत्र होना ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र दिखना भी जरूरी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। पीठ ने सवाल उठाया कि चयन समिति में एक निष्पक्ष सदस्य क्यों नहीं होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए चयन प्रक्रिया निष्पक्ष दिखाई देना भी आवश्यक है।विवाद 2023 के उस कानून को लेकर है जिसके तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता वाली समिति की सिफारिश पर की जाती है। इस कानून में प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है।केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि संसद को कानून बनाने का पूरा अधिकार है और अदालत को काल्पनिक आशंकाओं के आधार पर कानून रद्द नहीं करना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नया कानून निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता को कमजोर करता है।

## नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी पकड़े गए, एनटीए के कई अधिकारी जांच के दायरे में : सीबीआई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)ने नीट–यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)और अन्य संगठनों के कई अधिकारियों की भूमिका पर जांच के दायरे में है, जिनकी पहुंच उस प्रिंटिंग प्रेस तक थी जहां प्रश्नपत्रों की छपाई की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से धनंजय लोखंड और पुणे से मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में गत 24 घंटे के दौरान देश भर में 14 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई उस लीक के स्रोत की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसके कारण स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक लाखों अभ्यार्थियों को भारी निराशा हुई है। उन्होंने बताया कि अबतक की सीबीआई के मुताबिक इस प्रश्नपत्र लीक कांड में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। सीबीआई ने राजस्थान के जयपुर से तीन आरोपियों मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को गिरफ्तार किया था।




## मानवता के प्रति अपराध है घटिया औषधि

पिछले दिनों सामने आई वह खबर विचलित कर गई कि दिल और रक्तचाप नियंत्रण की दवाइयों में गुणवत्ता की गिरावट पायी गई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ की ओर से मार्च माह के लिए जारी ड्रग अलर्ट में देश में बनी कई दवाइयों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट डराती है कि कुल 141 दवाओं के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इनमें शुगर, हार्ट, उच्च रक्तचाप, मिर्गी जैसे गंभीर रोगों का उपचार करने वाली दवाइयां भी शामिल हैं। इनमें इंजेक्शन व कफ सिरप भी शामिल हैं। कमोबेश यही स्थिति विटामिन व आयरन की गोलियों की भी रही। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई। इतना ही नहीं, टूथपेस्ट, मेहंदी व साबुन के नमूने तक फेल हुए हैं। कह सकते हैं कि दवा के नाम पर दर्द देने का कारोबार देश के विभिन्न भागों में खूब फल-फूल रहा है, जो नियामक एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठाता है। कह सकते हैं कि यह अब सिर्फ स्वास्थ्य का ही मुद्दा नहीं रहा, यह जिंदगियों से खिलवाड़ के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंचाता है।

निस्संदेह, घटिया दवाओं से किसी का बीमार होना एक व्यक्ति या परिवार की ही त्रासदी नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कोई व्यक्ति सेहत सुधारने के लिए महंगी दवा का सेवन करे और उपचार के बाद और बीमार हो जाए। ये मरीज के विश्वास के साथ भी छल जैसा है। यह देश में सक्रिय खतरनाक तंत्र की ओर भी इशारा है जो पूरे देश में नकली व घटिया दवाओं के उत्पादन व आपूर्ति से जुड़ा है। वे चिकित्सक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते जो ऐसी संदिग्ध दवाइयां मरीजों के उपचार के लिए लिखते हैं, जिनकी गुणवत्ता को लेकर शंका रहती है। कोरोना काल में हमने देखा था कि चंद रुपयों के लालच में घातक बीमारियों से ग्रस्त लोगों को नकली रेमडेसिविर के इंजेक्शन बेचे गए। कितना शर्मनाक है कि जानलेवा कैंसर की दवाइयों में घटिया व सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाकर बेची जा रही थी। गुरुग्राम में पिछले दिनों वजन घटाने वाले नकली इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामदगी हुई। देश में घातक दवाओं को बेचने वाला एक तंत्र सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है। कोई मरे या जीए, उनकी बला से। उन्हें तो अपने मुनाफे से मतलब है। दरअसल, यह संकट एक राज्य का नहीं, पूरे देश के सामने मौजूद है। नियामक एजेंसियों की लापरवाही, कड़े कानूनों का अभाव व दोषियों को समय पर कड़ी सजा न मिलना इस अमानवीय धंधे के फलने-फूलने की वजह बन रहा है। निस्संदेह मानवता के खिलाफ होने वाले इस आपराधिक कृत्य में चिकित्सा तंत्र से जुड़े लोगों की भूमिका भी होगी। घटिया दवाओं का मिलना इस बात की ओर संकेत करता है कि व्यवस्था में शामिल काली भेड़ें इस अपवित्र कारोबार को प्रश्रय दे रही हैं। निगरानी तंत्र को चुस्त-दुरुस्त बनाकर और कानून के क्रियान्वयन में तेजी लाकर ही स्थिति को संभाला जा सकता है। आज देश में उपभोक्ताओं व मरीजों के तिमारदारों को जागरूक करने की जरूरत है कि वे दवा खरीदते समय मेडिकल स्टोर से बिल लें। दवाओं की पैकेजिंग की जांच-पड़ताल करें। संदेह होने पर संबंधित विभागों को शिकायत करके राष्ट्रीय दायित्व निभाएं। तभी दवा जीवन रक्षा का माध्यम बनी रह सकेगी।

# असमानताओं के दौर में परिवार और संस्कारों की चुनौती



योगेश कुमार गोयल

### अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस (15 मई) पर विशेष

प्रत्येक वर्ष 15 मई को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस समाज की सबसे छोटी और सबसे महत्वपूर्ण इकाई (परिवार) के अस्तित्व, उसकी चुनौतियों और उसकी अपरिहार्यता पर आत्ममंथन करने का अवसर है। वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित यह दिन आज के दौर में और भी प्रासंगिक हो गया है। वर्ष 2026 के लिए इस दिवस का मुख्य विषय 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण' रखा गया है। यह विषय सीधे तौर पर उन सामाजिक और आर्थिक विषमताओं पर प्रहार करता है, जो आज के वैश्विक परिदृश्य में परिवारों की संरचना और बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं। भारतीय संदर्भ में, जहां परिवार को केवल एक संस्था नहीं बल्कि 'संस्कारों की पाठशाला' माना जाता है, वहां इस वर्ष की थीम एक गंभीर विमर्श की मांग करती है।

भारतीय सभ्यता में परिवार का आधार प्रेम, त्याग और सह-अस्तित्व रहा है। पश्चिमी देशों में जहां परिवार अक्सर एक संविदा की तरह देखा जाता है, वहीं भारत में यह एक आध्यात्मिक बंधन है। हमारे यहां 'मातृदेवो भवः, पितृदेवो भवः' के आदर्शों ने नई पीढ़ी को अपने बड़ों के प्रति कृतज्ञ होना सिखाया। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता 'संयुक्त परिवार' रही है। एक ही छत के नीचे तीन-चार पीढ़ियों का साथ रहना बच्चों के लिए सुरक्षा कवच और बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक आश्रय सुनिश्चित करता था। यहां 'मैं' की जगह 'हम' की प्रधानता थी। इस व्यवस्था में 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण पृथ्वी ही परिवार है) का भाव निहित था, जहां व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर सामूहिक कल्याण के बारे में सोचता था।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण' का विषय अत्यंत सामयिक है। आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में आर्थिक और डिजिटल विभाजन ने परिवारों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी है। जब एक परिवार आर्थिक रूप से असुरक्षित होता है तो उसका सबसे पहला और सीधा प्रभाव बच्चों के पोषण और शिक्षा पर पड़ता है। आय की अस्थिरता परिवारों को तनाव में डालती है, जिससे घर का वातावरण कलहपूर्ण हो जाता है। 2026 का आयोजन इसी बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे अपर्याप्त सहायता प्रणालियां गरीब परिवारों को वंचितता के चक्र में धकेल देती हैं। जहां तक बाल कल्याण और भविष्य की संभावनाओं की बात है तो बाल कल्याण केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है। इसमें बच्चे का मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास शामिल है। असमानताओं के कारण कुछ बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाती हैं जबकि एक बड़ा वर्ग इससे वंचित रह जाता है। यह 'अवसरों की असमानता' आने वाली पीढ़ियों की उत्पादकता और सामाजिक गतिशीलता को अवरुद्ध कर देती है। आधुनिक युग में सूचना और तकनीक तक पहुंच भी एक बड़ी असमानता है। जिन परिवारों के पास डिजिटल संसाधन नहीं हैं, वहां के बच्चे वैश्विक दौड़ में पीछे छूट रहे हैं।

आज हम एक ऐसे संक्रमण काल में हैं, जहां तकनीक ने दूरियों को तो कम किया है लेकिन दिलों के बीच की दूरियां बढ़ा दी हैं। शहरीकरण और भौतिकवाद की अंधी दौड़ ने भारतीय परिवार की पारंपरिक संरचना को हिलाकर रख दिया है। पहले भोजन की मेज पर दिनभर की बातें साझा होती थी लेकिन आज वहां मोबाइल फोन की स्क्रीन चमकती है। तकनीक ने सुविधा तो दी मगर संवेदनाएं छीन ली। लोग एक ही कमरे में रहकर भी अलग-अलग आभासी दुनिया में खोए रहते हैं। बुजुर्ग भी, जो कभी परिवार की धुरी होते थे, आज हाशिए पर हैं। आधुनिक पीढ़ी अपनी निजता और स्वतंत्रता के नाम पर बड़ों के अनुभव और मार्गदर्शन को बोझ समझने लगी है।

भारत में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या एक चिंताजनक सामाजिक संकेत है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि देश में वरिष्ठ नागरिक गृहों की मांग और संख्या दोनों बढ़ रही है। जिस संस्कृति में श्रवण कुमार जैसे उदाहरण दिए जाते थे, वहां आज बुजुर्ग अकेलेपन और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हैं। संतानों द्वारा आर्थिक मदद तो भेज दी जाती है लेकिन बुजुर्गों को जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है 'समय और अपनापन', वह उन्हें नहीं मिल पाता। यह स्थिति न केवल बुजुर्गों के लिए मानसिक अवसाद पैदा करती है बल्कि नई पीढ़ी को भी उन संस्कारों से वंचित कर देती है, जो केवल बड़ों के सान्निध्य में सीखे जा सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस 2026 इस बात पर जोर देता है कि सरकारों को परिवार-केंद्रित नीतियां बनानी चाहिए। सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के तहत परिवारों को गरीबी से बचाने के लिए बाल और परिवार लाभ, किफायती शिशु देखभाल और माता-पिता के लिए वैतनिक अवकाश जैसी नीतियां अनिवार्य हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आय सुरक्षा को मिलाकर एक ऐसा ढ़ांचा तैयार करने की आवश्यकता है, जिससे असमानता के प्रभाव को कम किया जा सके। कॉरपोरेट जगत और सरकारों को ऐसी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, जहां कर्मचारी अपने परिवार को पर्याप्त समय दे सकें।

यदि हमें एक स्वस्थ और स्थिर समाज का निर्माण करना है तो हमें अपनी पारिवारिक जड़ों की ओर लौटना होगा। परिवार समाज की मूल इकाई है और यदि नींव कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत सुरक्षित नहीं रह सकती। शिक्षा का उद्देश्य केवल आर्थिक सफलता नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं का विकास भी होना चाहिए। बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि सफलता का असली पैमाना रिश्तों की मजबूती है। परिवारों को 'डिजिटल डिटॉक्स' अपनाने की जरूरत है। दिन का कुछ समय केवल परिवार के सदस्यों के साथ बिना किसी उपकरण के बिताना चाहिए। परिवार के निर्णयों में बुजुर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उनके अनुभव हमारे जीवन के कठिन मोड़ों पर रोशनी दिखाने का काम करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हमें स्मरण कराता है कि भले ही दुनिया बदल रही हो, तकनीक उन्नत हो रही हो लेकिन एक मनुष्य के लिए परिवार की आत्मीयता का कोई विकल्प नहीं है। 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण' का संदेश तभी सफल होगा, जब हम समाज में व्याप्त आर्थिक विषमताओं को कम करने के साथ-साथ अपने भीतर के प्रेम और करुणा को भी जगाएंगे। भारतीय संस्कृति का 'हम' का भाव और वैश्विक समाज की न्यायसंगत नीतियां मिलकर ही एक ऐसी दुनिया बना सकती हैं, जहां हर बच्चा सुरक्षित हो, हर बुजुर्ग सम्मानित हो और हर परिवार समृद्ध हो। इस दिवस पर यह संकल्प लेना आवश्यक है कि हम अपने परिवार की गरिमा को बनाए रखेंगे और रिश्तों की इस अनमोल धरोहर को अगली पीढ़ी के लिए सहेजकर रखेंगे। भारतीय संस्कृति में परिवार केवल एक साथ रहने का नाम नहीं है बल्कि एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का नाम है।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# संकट में संयम की अपील



रोहित माहेश्वरी

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। ऐसे सवाल यह है कि क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डेवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है।

दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह 'अकाल' हम 1990-92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के 'दान' के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरुआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं।

डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 'रुपए' में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय 'रुपया' दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़ कर आंका जा रहा है।

निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षा बोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है।

दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें दो राय नहीं कि देश बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व सोना आयात करता है। जाहिर बात है जब इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ती हैं तो इन दोनों के कारण भारी दबाव देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। निस्संदेह, विषम वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन की बचत, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना चुनौतियों से मुकाबले के लिये समझदारी भरे उपाय हैं। सवाल यह भी है कि पीएम को अपील करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी।

दरअसल, आशंका यह भी है कि इन कदमों के ऐसे भी नतीजे निकल सकते हैं, जिनकी उम्मीद न की गई हो। निर्विवाद रूप से सोना भारतीय संस्कारों में है। वहीं भारत में आभूषण उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। ऐसे में सोने की खरीद में गिरावट से संपन्न निवेशकों के मुकाबले श्रमिकों को ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर वर्क-फ्रॉम होम की नीति, काम करने वालों के बड़े तबके के लिए व्यावहारिक नहीं है।

आर्थिक जगत के विश्लेषकों का मानना है कि मोदी जिन क्षेत्रों में किफ़ायत करने की अपील कर रहे हैं, उसका स्पष्ट संदेश है कि विदेशी मुद्रा भंडार यानी फॉरेक्स पर बने दबाव को कम करना है। ताजा हालातों में सरकार को अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार की जरूरत है। जहां तक सोने की खरीद पर संयम का सवाल है तो उससे देश में गहरा भावनात्मक लगाव जुड़ा रहा है। सोना हमारी संस्कृति, परंपरा, बचत और पारिवारिक समारोहों में गहरे तक शामिल रहा है। लेकिन सदियों से सम्मोहित करते सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार पर गहरा असर डालता है। ऐसे में राष्ट्र हितों के मद्देनजर जीवन यापन करना, राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने जैसा है।

इतिहास के पन्ने पलटे तो पीएम लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में भोजन संकट और युद्ध के समय लोगों से सोमवार शाम स्वेच्छा से उपवास रखने की अपील की थी। समाजवादी नेता मधु लिमये ने संसद में इसका समर्थन करते हुए कहा था कि कठिन समय में 'स्वैच्छिक किफायत' नागरिक कर्तव्य है और राजनीतिक वर्ग को केवल अपील करने के बजाय ख़ुद मिसाल पेश करनी चाहिए। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार को संतुलित रखने की चुनौती हर सरकार के लिए रही है।

निस्संदेह, किसी भी आसन्न संकट में नागरिकों की जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लेकिन सवाल यह है कि मंत्रियों के कारों के काफिलों पर भी अंकुश लगेगा.. क्या शासन प्रशासन की शाहखर्ची पर लगाम लगेगी...।

यदि ऐसा नहीं होता तो जनता की स्वतःस्फूर्त पहल प्रभावित होगी। वैसे भी नागरिक जिम्मेदारी एक हद तक तो प्रभावी हो सकती है,लेकिन वह किसी आपातकालीन योजना का विकल्प नहीं हो सकती। पीएम मोदी ने अपनी गाड़ियों के काफिले को बेहद छोटा करके उदाहरण पेश किया है। इसका असर भी दिख रहा हे। देश के कई राज्यों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि वहां की सरकारों ने गाड़ियों के काफिले को छोटा करने के साथ अन्य एहतियाती कदम उठाए हैं। आम आदमी भी पीएम मोदी की अपील और नसीहत से को गंभीरता से लिया है। जमीन पर इसका असर दिखने लगा है।

विगत में कई बार जब देश पर संकट आया तो लोगों ने राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिये सोना तक दान किया। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल छह सौ से सात सौ टन सोना आयात होता है, लेकिन निर्यात का प्रतिशत ना के बराबर है। बताया जाता है कि देश का नब्बे फीसदी सोना आयात होता है। यह सोना अर्थव्यवस्था में सक्रिय न होकर घरों में एकत्र हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार देश के घरों में करीब 27 हजार टन सोना जमा है। बड़ी मात्रा में डॉलर खर्च करके आयात होने वाला सोना देश के चालू खाते और विदेशी मुद्रा भंडार पर प्रतिकूल असर डालता है। ऐसे में सोने पर संयम अर्थव्यवस्था को संबल देने में मददगार हो सकता है। भारतीय संस्कृति में संयम का बड़ा महत्व बताया गया है। ताजा संकट में भी संयम से ही राह निकलेगी।

-स्वतंत्र पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 मई, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 08:29 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 20:10 तक, योग : आयुष्मान, 14:16 तक, सूर्योदय: 04:56, सूर्यास्त: 18:08, चन्द्रोदय : 03:56, चन्द्रास्त: 17:17, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:32 से 12:10

## राशिफल

**मेष :** आज बिजनेस में कभी फायदा तो कभी चुनौती वाला माहौल रह सकता है, लेकिन आपकी समझदारी हर स्थिति को आपके पक्ष में मोड़ सकती है। कामों को टालना नुकसान दे सकता है।

**वृष :** आज पैसों के मामलों में सावधानी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। लंबे समय से रुका काम आखिरकार पूरा होने की ओर बढ़ सकता है। संतान की संगति पर नजर रखना जरूरी रहेगा।

**मिथुन :** आज किस्मत आपके लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोल सकती है। यात्रा या घूमने के दौरान मिली जानकारी भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। एक्सपर्ट की सलाह जरूरी होगी।

**कर्क :** आज धन और सफलता दोनों आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कामों को गति देगा। आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**सिंह :** आज खर्चों पर कंट्रोल रखना बेहद जरूरी रहेगा, वरना बजट गड़बड़ा सकता है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलने के संकेत हैं। रुका हुआ उधार वापस मिलने की संभावना भी बन रही है।

**कन्या :** आज चुनौतियाँ थोड़ी ज्यादा महसूस हो सकती हैं, लेकिन दोस्तों और जीवनसाथी का साथ आपको संभाले रखेगा। मनचाहा काम न मिलने से निराशा हो सकती है।

**तुला :** आज समाज सेवा और अच्छे कामों से आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। दान-पुण्य के कार्यों में हिस्सा लेने से मन को सुकून मिलेगा। संतान के साथ घूमने का प्लान खास बना देगा।

**वृश्चिक :** आज कमाई के नए रास्ते खुलते दिखाई देंगे। पुराने निवेश से शानदार लाभ मिलने की संभावना है। कोई नई साइड इनकम शुरू होने से खुशी दोगुनी हो सकती है।

**धनु :** आज का दिन पहले से बेहतर और राहत भरा रहेगा। अपनी कमियों को पहचानकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। पारिवारिक मामलों में मां की सलाह मन को सुकून देगी।

**मकर :** आज खुशियों और जिम्मेदारियों का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न कर सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरकर गर्व महसूस कराएगी।

**कुम्भ :** आज चुनौतियाँ आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहना ही आपकी जीत का रास्ता बनेगा। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है।

**मीन :** आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और बॉस आपके काम से बेहद प्रभावित रहेंगे। आपके सुझावों को भी महत्व मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। पड़ोस और समाज में आपकी छवि मजबूत होगी।

## विदेश

### भारतीय पर्यटकों पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाया : नेपाल

**काठमांडू :** नेपाल ने बृहस्पतिवार को उन मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद करार दिया, जिनमें कहा गया है कि हिमालयी देश में प्रवेश करने वाले भारतीय नागरिकों को विभिन्न प्रतिबंधों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसने कहा कि भारत से आने वाले पर्यटकों पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। नेपाल के पर्यटन बोर्ड ने एक बयान में कहा कि नेपाल और भारत के बीच खुली सीमा व्यवस्था और द्विपक्षीय समझौते बरकरार हैं तथा दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी व्यक्ति से व्यक्ति संबंधों, सांस्कृतिक रिश्तों और पर्यटन सहयोग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने उन मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया है कि नेपाल की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को विभिन्न प्रतिबंधों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक वर्ग की ओर से प्रसारित उन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है, जिनमें कहा गया है कि भारतीय नागरिकों पर वीजा और 30 दिन की समय सीमा सहित अन्य नियम लागू किए जा रहे हैं। इससे पहले, नयी दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, कोई वीजा नहीं, कोई झंझट नहीं। बस दिल।

### चीन-अमेरिका संबंधों के लिए 2026 'ऐतिहासिक, मील का पत्थर साबित होने वाले साल' होगा : शी चिनफिंग

**बीजिंग :** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बीजिंग स्थित 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल' में वार्ता के लिए स्वागत किया और कहा कि 2026 चीन-अमेरिका संबंधों के लिए 'ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला साल' होगा। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेत-ाओं के बीच बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कई दौर की बातचीत होनी है। 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल' चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित एक भव्य सरकारी भवन और राष्ट्रीय सभा स्थल है। शी ने 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल' पहुंचने पर ट्रंप का स्वागत किया और उनका चीनी अधिकारियों से परिचय कराया। इसके बाद शी ने ट्रंप के साथ आए अमेरिकी अधिकारियों से हाथ मिलाया। बाद में दोनों नेताओं ने एक साथ सलामी गारद का निरीक्षण किया और फिर वार्ता के लिए रवाना हुए। बैठक की शुरुआत में शी चिनफिंग ने ट्रंप से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2026 चीन-अमेरिका संबंधों के लिए 'ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष' साबित होगा। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका को मिलकर इस दौर की चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। दोनों नेताओं के बीच बीजिंग में हो रही इस बैठक पर दुनियाभर की नजरें टिकी हुई हैं। सरकारी मीडिया ने बताया कि ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रपति शी के साथ 'बड़ी चर्चा' को लेकर उत्साहित हैं। ट्रंप बुधवार रात बीजिंग पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। ट्रंप की यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच हो रही है, जिसका असर खासकर एशिया पर पड़ा है।

### शी चिनफिंग ने ताइवान मुद्दे पर ट्रंप को चेतावनी दी

**बीजिंग :** ईरान युद्ध, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार जैसे व्यापक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बीच चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभालने से दोनों देशों के बीच 'टकराव और यहाँ तक कि संघर्ष' की स्थिति पैदा हो सकती है। बीजिंग में लगभग दो घंटे तक हुई वार्ता के पहले दौर के समापन के बाद, ट्रंप ने चिनफिंग और उनकी पत्नी को 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया, जबकि दोनों नेता इस बात पर सहमत थे कि वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना आवश्यक है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक 'नए दृष्टिकोण' पर सहमत हुए हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3439

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | | | ■ | ■ | 23 | | | ■ |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | 28 |
| 29 | | 30 | | | | ■ | 31 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 32 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 2) शुश्रूषक; सेवाकर्ता, 5) बददुआ, 7) रुधिर, 8) न्यायालयीन सवाल-जवाब, 9) तरीका, 10) संतान, 12) एक अन्न, 13) छुटका, 15) नयनपट, 17) ख़ैरात, 19) विश्वास, 20) जन्मभूमि, 22) पेश किया गया *(न्यायालय में)*, 23) इत्तला, 24) दूसरा, 25) अध्यापक, 27) निष्ठा, 29) अच्छे-बुरे की पहचान, 32) शरणागत.

*ऊपर से नीचे:-* 1) परित्यक्ता, 2) नाना का पिता, 3) खाली, 4) स्वादिष्टता, 5) सरस्वता, 6½eYy] 11½l ãVu *(राजनीतिक)*, 14) पहिए पर चढ़ाने की एक खोखली वस्तु, 16) छिलका, 18) गैरमौजूद, 21) द्वेष की स्थिति, 23) भास्कर, 24) साधारण; बीच का, 25) उत्तेजना, 26) नौकर, 28) विद्वान; अवशिष्ट, 30) भौचक्का; निरुत्तर; अवाक्, 31) उमेदवार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | ह | त | ■ | ■ | ■ | घा | स | ले | ट |
| ■ | ■ | मा | न | स | रो | व | र | ■ | प |
| प्र | वे | श | ■ | रो | ■ | ■ | प | ता | का |
| था | ■ | बी | ■ | ज | वा | ह | र | ■ | ट |
| ■ | दा | न | व | ■ | स | म | स्त | ■ | प |
| प | द | ■ | सी | ता | ■ | ला | ■ | बा | की |
| ■ | ■ | दा | य | रा | ■ | व | र्ष | द | ■ |
| ज़ | ह | म | त | ■ | भो | र | ■ | शा | खा |
| ज्वा | ■ | न | ■ | रे | ला | ■ | प | ह | ल |

*Mob. No.* 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | | | | | 3 |
| | | 6 | | | | 2 | 4 | |
| | | | | 5 | | | | 9 |
| | 4 | | | | 8 | | | |
| 7 | 6 | | | | 9 | | 2 | |
| | | | | | 3 | | 7 | |
| | | | 2 | | | 9 | | 6 |
| 2 | | 4 | | 9 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3396 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 7 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 5 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 |

# उच्च माध्यमिक परीक्षा का परिणाम घोषित, 91.23 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

## आद्रितो पाल ने 99.2% अंकों के साथ टॉप किया, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा (उच्च माध्यमिक) के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इस बार कुल 91.23 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर रामकृष्ण मिशन विद्यालय (रेजिडेंशियल) के आद्रितो पाल 500 में 496 अंकों (99.2 प्रतिशत) के साथ टॉपर बने हैं, वहीं छात्राओं में पुरुलिया के रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ की देबप्रिया माजी 494 अंकों (98.8 प्रतिशत) के साथ अव्वल रही हैं।



टॉप 10 की सूची में देबप्रिया तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, टॉप 10 में कुल 64 परीक्षार्थी शामिल हैं, जिनमें 56 छात्र और आठ छात्राएं शामिल हैं। पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा काउंसिल के अध्यक्ष डॉक्टर पथ कर्मकार ने परीक्षाफल की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार कुल 626258 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें 279936 छात्र व 346322 छात्राएं थीं। इसमें 89.71 प्रतिशत छात्र व 92.47 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। इस साल उत्तीर्णता दर में पूर्व मेदिनीपुर सबसे आगे रहा है। वहां के 94.19 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद 93.84 प्रतिशत के साथ हावड़ा दूसरे व 93.71 प्रतिशत के साथ दक्षिण 24 परगनातीसरे स्थान पर रहा है।

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने उन्हें सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर मिली सफलता विद्यार्थियों को भविष्य में और बड़े लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे चलकर परिवार, समाज और राज्य का नाम रोशन करें।

# बिधाननगर में बिना अनुमति बने 14 बहुमंजिला भवन, हाई कोर्ट में निगम की रिपोर्ट से हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्ती के माहौल के बीच बिधाननगर नगर निगम ने कोलकाता हाई कोर्ट में एक चौंकाने वाली रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि निगम के एक ही वार्ड में कम से कम 14 बहुमंजिला इमारतें बिना किसी वैध अनुमति के बनाई गई हैं। इनमें कुछ इमारतें पांच से छह मंजिला हैं, जबकि कई तीन और चार मंजिला निर्माण भी शामिल हैं। आरोप है कि इन निर्माणों के लिए जलभूमि और तालाबों को अवैध रूप से भरकर इस्तेमाल किया गया। इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नगर निगम ने अदालत को बताया कि वार्ड संख्या 12 में 15 से



20 निर्माण ऐसे हैं, जो बिना किसी स्वीकृति के खड़े किए गए हैं। मामले की सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की डिवीजन बेंच ने भूमि एवं भूमि राजस्व विभाग को संबंधित जमीनों की प्रकृति पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। अदालत ने बीएलआरओ से पूछा है कि जिन भूखंडों पर निर्माण हुआ है, वे रिकॉर्ड में आवासीय भूमि हैं या जलभूमि के रूप में दर्ज हैं। मामले के याचिकाकर्ता साबिर अली मंडल ने आरोप लगाया कि बिधाननगर के आठघरा मौजा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जलभूमि को भरकर अवैध निर्माण किए गए। याचिका में कहा गया है कि कई जमीनें रिकॉर्ड में 'शाली' या 'डोबा' श्रेणी में दर्ज थीं, लेकिन पहले उन्हें भर दिया गया और बाद में बिना नगर निगम की अनुमति के बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गईं। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि इन इमारतों में कुछ जगहों पर बड़े बिरयानी चेन के आउटलेट, होटल और कार शोरूम तक शुरू हो चुके हैं, जबकि कुछ इमारतों को आवासीय परियोजनाओं के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**✒ दिल्ली पब्लिक स्कूल**

दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड 10+2 परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष 35.2 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 78.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया। विद्यालय की छात्रा मेघमाला चौधरी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**✒ रूबी पार्क पब्लिक स्कूल**

रूबी पार्क पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है। विद्यालय का औसत परीक्षा परिणाम 80.18 प्रतिशत रहा, जबकि विद्यार्थियों ने शानदार अंक





प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र सम्प्रित दत्ता ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। धीरज सराफ ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा अन्नेशा दे ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ष 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 48 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत तथा 55 विद्यार्थियों ने 70 से 79 प्रतिशत के बीच अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा 6 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में पूर्ण 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया और सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री जैन विद्यालय हावड़ा के बॉयज एवं गर्ल्स शाखाओं का उच्च माध्यमिक परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय फॉर बॉयज में इस वर्ष कुल 210 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 छात्र रहे, जबकि 80 से 89 प्रतिशत के बीच 34 छात्र, 70 से 79 प्रतिशत के बीच 89 छात्र, 60 से 69 प्रतिशत के बीच 74 छात्र तथा 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्र सफल रहे। कॉमर्स विभाग में युवराज सिंह ने 454 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रितेश तिवारी 442 अंकों के साथ द्वितीय तथा अनुज कुमार राय एवं कारण साव 441 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। साइंस विभाग में विशाल शाह ने 459 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अमन गुप्ता 455 अंकों के साथ द्वितीय और शुभम कुमार सिंह 441 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आर्ट्स विभाग में आकाश कुमार झा ने 435 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रत्नेश तिवारी 325 अंकों के साथ द्वितीय तथा पीयूष अग्रवाल 315 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रिन्सिपल इंदु जोसफ चौधरी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके परिश्रम की सराहना की। वहीं, विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने शत-प्रतिशत परिणाम के लिए शिक्षकों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

वहीं, श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स में इस वर्ष कुल 368 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं और विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 28 छात्राएं रहीं। 80 से 89 प्रतिशत के बीच 83 छात्राएं, 70 से 79 प्रतिशत के बीच 128 छात्राएं, 60 से 69 प्रतिशत के बीच 85 छात्राएं तथा 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाली 44 छात्राएं सफल रहीं। कॉमर्स विभाग में अमिषा झा ने 479 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका मिश्र 477 अंकों के साथ द्वितीय तथा ज्योति ठाकुर 480 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। साइंस विभाग में समद्रिता प्रामाणिक ने 450 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। खुशबू कुमारी हलवाई 444 अंकों के साथ द्वितीय तथा शगुन बेनिया 441 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। आर्ट्स विभाग में प्रियाणी गुप्ता ने 470 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिद्धिशा सिंह 432 अंकों के साथ द्वितीय तथा अंजली मिश्रा 429 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल ने सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, सचिव ललित कांकरिया ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सभी को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

# श्री जैन विद्यालय कोलकाता का उच्च माध्यमिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण


















**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय कोलकाता, कोलकाता ने उच्च माध्यमिक परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी 333 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस वर्ष कुल 333 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी छात्र सफल रहे। इनमें 90 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं, 80 से 89 % अंक प्राप्त करने वाले 93 छात्र, 70 से 79 % अंक प्राप्त करने वाले 146 छात्र तथा 60 से 69 % अंक हासिल करने वाले 70 छात्र रहे। साइंस स्ट्रीम में इमोन मंडल ने 500 में 470 अंक प्राप्त कर 94 % के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। आयुष पांडेय ने 461 अंक (92.20 %) के साथ दूसरा स्थान, जबकि अरशद इसरार ने 455 अंक (91 %) हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में हिमांशु शाव ने 500 में 474 अंक प्राप्त कर 94.80 % के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्शित कुमार प्रसाद, अंकुश पांडेय तथा महेश डिग्गा ने 473 अंक (94.60 %) प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, अंकुर शाव ने 470 अंक (94 %) प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष बिनोद कांकारिया, प्रिंसिपल एस.के पांडेय और सचिव मनोज बोथरा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

## गैस्ट्रो-जेजुनो-कोलिक फिस्टुला की सफल सर्जरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिजोरम के एक मरीज़ में पेट से जुड़ी दुर्लभ और जटिल बीमारी 'गैस्ट्रो-जेजुनो-कोलिक फिस्टुला' का सफल इलाज डॉक्टरों की मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने छह घंटे लंबी सुप्रा मेजर सर्जरी के जरिए किया। मरीज़ पहले डीप वीनस थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) से पीड़ित था, जिसके इलाज के दौरान उसके शरीर में इंफीरियर वेना कावा (आईवीसी) फिल्टर लगाया गया था। बाद में उसे गंभीर दस्त, कुपोषण और एल्ब्यूमिन की कमी की शिकायत हुई। विस्तृत जांच में पता चला कि करीब 40 वर्ष पहले अल्सर के इलाज के लिए उसकी गैस्ट्रोजेजुनोस्टोमी बाईपास सर्जरी हुई थी। इसी के चलते पेट, छोटी और बड़ी आंत के बीच असामान्य जुड़ाव बन गया था, जिससे लगातार बैक्टीरिया फैल रहे थे और शरीर में पोषण की भारी कमी हो रही थी। मरीज़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. संजय मंडल और उनकी टीम ने पहले इलिओस्टॉमी सर्जरी कर संक्रमण नियंत्रित किया। स्वास्थ्य में सुधार के बाद रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की गई, जिसमें पेट व आंतों के क्षतिग्रस्त हिस्से हटाकर पाचन तंत्र को पुनर्निर्मित किया गया। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज़ को छह दिन में स्वस्थ हालत में छुट्टी दे दी गई।

## नकली मच्छर अगरबत्तियां डेंगू जितनी खतरनाक : हिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** होम इन्सेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन (हिका) और बाजार अनुसंधान कंपनी कंटार की रिपोर्ट में गैर-कानूनी तरीके से बनी मच्छर भगाने वाली अगरबत्तियों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा बताया गया है। 12 शहरों के 1,264 परिवारों और 405 डॉक्टरों पर हुए सर्वे में 70% डॉक्टरों ने कहा कि ऐसी अगरबत्तियां सांस संबंधी बीमारियां बढ़ा सकती हैं, जबकि 67% ने इनके खतरे को सिगरेट के धुएं के बराबर माना। हिका के सचिव एवं निदेशक जयंत देशपांडे ने कहा कि अधिकतर उत्पाद बिना सीआईआर पंजीकरण के बिक रहे हैं। एस.एल रहेजा हॉस्पिटल, माहिम-फोर्टिस एसोसिएट के क्रिटिकल केयर निदेशक डॉ. संजीत ससीधरन ने चेतावनी दी कि बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा मरीजों के लिए ये उत्पाद बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

## वीवो इंडिया ने 'वीवो इग्नाइट 4' युवा नवाचार कार्यक्रम किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के युवाओं को तकनीक और नवाचार के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से वीवो इंडिया ने अपनी प्रमुख शैक्षणिक पहल 'वीवो इग्नाइट : तकनीक और नवाचार की पहल' के चौथे संस्करण की घोषणा की है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 30 जून तक जारी रहेगी। इस वर्ष प्रतियोगिता में आकांक्षी जिलों और सरकारी स्कूलों के छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही 'अचीवर 30' नामक नया चरण जोड़ा गया है, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से मेंटरशिप प्राप्त होगी। टॉप 10 फाइनलिस्ट के शिक्षकों को स्टेम शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार रुपये तक की इनोवेशन ग्रांट भी दी जाएगी। प्रतियोगिता में सामाजिक विकास, सॉफ्ट-टेक, कृषि, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विजेताओं को कुल 40 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का राष्ट्रीय फिनाले 11 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा।

## ग्रेट लर्निंग के एआई प्रोग्राम्स में नॉन-टेक प्रोफेशनल्स आगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक एड-टेक कंपनी ग्रेट लर्निंग ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसके एआई प्रोग्राम्स में दाखिला लेने वालों में 66 प्रतिशत प्रोफेशनल्स गैर-तकनीकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि से थे। इनमें 64 प्रतिशत के पास 12 वर्ष से अधिक कार्य अनुभव था। कंपनी के अनुसार, बीएफएसआई, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, एफएमसीजी और रिटेल क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स तेजी से नो-कोड एआई टूल्स अपना रहे हैं। ग्रेट लर्निंग ने डाटा साइंस, मशीन लर्निंग, जेन एआई और एजेंटिक एआई प्रोग्राम्स में नो-कोड और लो-कोड लर्निंग ट्रैक शुरू किए हैं। नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर ग्रेट लर्निंग के अर्जुन नायर ने कहा कि एआई अब केवल तकनीकी टीमों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर उद्योग और विभाग में इसकी भूमिका बढ़ रही है।

## ब्लू लाइन पर 17 मई को आंशिक रूप से बाधित रहेगी मेट्रो सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे द्वारा ब्लू लाइन पर 17 मई (रविवार) को शहिद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण इस खंड में पूरे दिन मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। यह ट्रैफिक ब्लॉक शहिद खुदीराम मेट्रो स्टेशन पर रेक रिवर्सल सुविधा विकसित करने के लिए आवश्यक है। यह कार्य कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन पर चल रहे पुनर्वास एवं नवीनीकरण कार्य के तहत किया जा रहा है। हालांकि, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन से महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन तक सामान्य मेट्रो सेवाएं जारी रहेंगी। यानी ब्लू लाइन के इस हिस्से में नियमित रूप से ट्रेन संचालन होता रहेगा। मेट्रो रेलवे ने बताया कि 18 मई (सोमवार) से ब्लू लाइन के पूरे मार्ग, यानी दक्षिणेश्वर से शहिद खुदीराम मेट्रो स्टेशन तक सामान्य सेवाएं फिर से बहाल कर दी जाएंगी।

# कोलकाता के स्कूलों का 12वीं परीक्षा में दमदार प्रदर्शन, मेधावी छात्रों ने बनाई पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने 12वीं परीक्षा 2026 के परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढ़ाया है। कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दर्ज किए गए, जहां बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की इस सफलता से स्कूल परिसरों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

**✒ श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय**

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय (बॉयज हायर सेकेंडरी) ने उच्च माध्यमिक परीक्षा में 95 प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा नेहा साव ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं, रोहित गुप्ता ने 92.4 प्रतिशत तथा आयुषी सिंह ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विषयवार प्रदर्शन में नेहा साव ने अर्थशास्त्र और व्यवसायिक अध्ययन में 98-98 अंक तथा अंग्रेजी में 97 अंक प्राप्त किए। रोहित गुप्ता ने व्यवसायिक अध्ययन में 96 एवं हिंदी में 95 अंक हासिल किए, जबकि आयुषी सिंह ने व्यवसायिक अध्ययन में 94 और अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के बॉयज सेक्शन के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी जताई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

**✒ टांटिया हाई स्कूल**

टांटिया हाई स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के वाणिज्य विभाग से 156 तथा विज्ञान विभाग से 29 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी छात्र सफल रहे। कॉमर्स विभाग में अतुल कुमार साव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जैद बिन महताब आलम 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा मो. तौफीक 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, विज्ञान विभाग में आशिक राय ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मो. उजैफा 82 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आयुष राउत 81 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुणाल तिवारी एवं मंत्री कैलाशचंद शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**✒ माहेश्वरी बालिका विद्यालय**

माहेश्वरी बालिका विद्यालय (अंतर्गत माहेश्वरी सभा) ने उच्च माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कॉमर्स विभाग में आर्या व्यास ने 479 अंक (95.8 %) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। देविका व्यास ने 476 अंक (95.2%) के साथ द्वितीय तथा खुशी कलवानी ने 474 अंक (94.8%) प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं, आर्ट्स विभाग में राधिका कुम्हार ने 469 अंक (93.8%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपिका साव ने 452 अंक (90.4%) के साथ द्वितीय तथा राशि किराडू ने 440 अंक (88%) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स विभाग की कुल 80 छात्राओं में से 71 तथा आर्ट्स विभाग की 33 छात्राओं में से 26 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के मंत्री राकेश मोहता ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। वहीं, सभापति गणेश बागड़ी, शिक्षिका प्रभारी सुचरिता रॉय तथा विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मारवाड़ी बालिका विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत, निधि राय 91 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर प्रथम



नारी शिक्षा के क्षेत्र में मारवाड़ी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पश्चिम बंगाल बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉमर्स स्ट्रीम में निधि राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 91 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तानिया साव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि इशिका सिंह 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। आर्ट्स स्ट्रीम में ममता हेला ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इकरा मंताशा ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मनीषा हेला 78.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के अध्यक्ष के डी अग्रवाल, हेडमिस्ट्रेस विभा सिंह ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत (100%) रहा है। विद्यालय के अध्यक्ष के डी अग्रवाल, सचिव सुधा जैन, उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय, हेडमिस्ट्रेस विभा सिंह ने शिक्षिकाओं की लगन, छात्राओं की मेहनत की सराहना करते हुए निरन्तर सफलता की शुभकामना दी।

## भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस का नया व्यवसाय प्रीमियम 44% बढ़ा


**कोलकाता, समाज्ञा :** भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 में नए व्यवसाय प्रीमियम में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए इसे 1,069 करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 में सकारात्मक वीएनबी हासिल किया तथा 191 प्रतिशत का मजबूत सॉल्वेंसी अनुपात बनाए रखा, जो नियामकीय आवश्यकता से काफी अधिक है। कंपनी ने दो नए बैंक साझेदार जोड़कर बैंकाश्योरेंस भागीदारों की संख्या 9 कर दी। वहीं ग्रुप टर्म लाइफ कारोबार में भी तेज़ वृद्धि दर्ज की गई। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पराग राजा ने कहा कि कंपनी की यह उपलब्धि मजबूत वितरण नेटवर्क, उत्पादकता आधारित वृद्धि और नई रणनीतिक साझेदारियों का परिणाम है।

# हावड़ा-राजगीर एवं हावड़ा-आनंद विहार के बीच चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने दो विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये विशेष ट्रेनें हावड़ा-राजगीर तथा हावड़ा-आनंद विहार के बीच चलाई जाएंगी। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 03029 हावड़ा-राजगीर स्पेशल 16 मई से 17 जून तक प्रतिदिन हावड़ा स्टेशन से रात 10:50 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 1 बजे राजगीर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 03030 राजगीर-हावड़ा स्पेशल 17 मई से 18 जून तक प्रतिदिन राजगीर से दोपहर 2 बजे खुलेगी तथा अगले दिन सुबह 4:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन कुल 33 फेरे लगाएगी। यह ट्रेन बंडेल, बर्दवान, बोलपुर शांतिनिकेतन, रामपुरहाट, पाकुड़, बरहरवा, साहिबगंज, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इसके अलावा, रेलवे ने 03011 हावड़ा-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन चलाने की भी घोषणा की है। यह ट्रेन 22 मई को हावड़ा से सुबह 11:10 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 10:10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 03012 आनंद विहार-हावड़ा स्पेशल 25 मई को आनंद विहार से रात 2:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9:20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वर्दवान, रामपुरहाट, दुमका एवं जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी।

# जेआईएस ने 'मेड इन जेआईएस' एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेशन सेंटर किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस ग्रुप ने अपने नए एंटरप्रेन्योरशिप इनक्यूबेशन सेंटर मेड इन जेआईएस का शुभारंभ किया। यह केंद्र न्यू टाउन, कोलकाता स्थित ऑस्टिन टॉवर कैंपस में शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्र उद्यमियों, शुरुआती स्टार्टअप्स और उद्योग-आधारित नवाचारों को एक साझा मंच प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख उद्योग और शिक्षा जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। इसमें अर्जुन वैद्य, वी3 वेंचर्स के सह-संस्थापक एवं डॉ वैद्य के संस्थापक; मेघदूत रॉय चौधरी, टेक्नो इंडिया ग्रुप के कार्यकारी निदेशक; मनोज खोसला, खोसला ग्रुप के निदेशक तथा जसप्रीत कौर जेआईएस के निदेशक, सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह इनक्यूबेशन सेंटर एक सहयोगात्मक नवाचार हब के रूप में काम करेगा,



जो छात्रों, स्टार्टअप संस्थापकों, कॉरपोरेट्स, इनक्यूबेटर्स, शिक्षण संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ेगा। इसका उद्देश्य विचारों को व्यवहारिक और स्केलेबल व्यवसायों में बदलना है, जिसके लिए मेंटरशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर, रणनीतिक मार्गदर्शन और संरचित उद्यमशीलता संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर जसप्रीत कौर ने कहा कि यह सेंटर जेआईएस की उस सोच का हिस्सा है, जिसमें छात्रों और युवा उद्यमियों को सही मेंटरशिप, अवसर और अनुभव देकर उन्हें प्रभावशाली उद्यम बनाने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान उद्यमशील शिक्षा को अधिक सहयोगात्मक और अनुभव आधारित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि युवा परंपरागत सोच से आगे बढ़कर वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान विकसित कर सकें।

# चुनाव बाद हिंसा के दौरान पुलिस निष्क्रिय रही, बंगाल 'बुलडोजर राज्य' नहीं : ममता

## वकील की ड्रेस में हाई कोर्ट पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री, कोर्ट में रखीं दलीलें

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से कहा कि राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान पुलिस निष्क्रिय रही। उन्होंने राज्य में अवैध ढांचों के खिलाफ जारी विध्वंस अभियान के बीच कहा कि यह (बंगाल) 'बुलडोजर राज्य' नहीं है। ममता विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद तृणमूल कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित हिंसा और पार्टी दफ्तरों पर हमलों से जुड़े मामले में दलीलें देने के लिए उच्च न्यायालय में पेश हुईं। उन्होंने राज्य के लोगों को 'हमलावरों' से बचाने के लिए तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप का अनुरोध किया। ममता वकील का गाउन पहनकर उच्च न्यायालय पहुंचीं। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य और कल्याण बनर्जी भी उनके साथ थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कल्याण बनर्जी के बेटे और उत्तरपाड़ा विधानसभा सीट से तृणमूल उम्मीदवार शीर्षन्या बंद्योपाध्याय की ओर से दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेना की खंडपीठ के समक्ष दलीलें पेश कीं। ममता ने कहा कि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद राज्य में कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी गई, तृणमूल कांग्रेस के लगभग 150-160 कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई और हिंसा की लगभग 2,000 घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि 10 मृतकों में से छह हिंदू हैं। कृपया पुलिस से उचित कार्रवाई करने के लिए कहें। वे पुलिस को प्राथमिकी दर्ज नहीं करने दे रहे हैं। मेरे परिवार में 12 साल की बच्चियों को बलात्कार की धमकी दी जा रही है। ममता ने आरोप लगाया कि



स्थिति इस हद तक बिगड़ गई है कि वह खुद भी शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने तक नहीं पहुंच पा रही हैं और उन्हें ऑनलाइन माध्यम का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मछली बाजारों और मांस की दुकानों पर सुनियोजित तरीके से हमले किए गए हैं। ममता ने पीठ के समक्ष पेश तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को खास तौर पर निशाना बनाया गया है, जबकि पार्टी कार्यालयों में पुलिस के सामने लूटपाट की गई है और उन पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) के एक परिवार, जिसमें 92 वर्षीय विधवा भी शामिल थी, को उसके घर से निकाल दिया गया। उन्होंने (भाजपा समर्थकों ने) कई घरों में तोड़फोड़ की। बड़ी संख्या में लोग हिंसा झेल रहे हैं, जिनमें सामान्य जाति के हिंदू भी शामिल हैं। तृणमूल सुप्रीमो ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुछ मामलों में पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई, जबकि अन्य मामलों में निष्क्रियता दिखाई गई। उन्होंने कहा कि सब कुछ पुलिस की मौजूदगी में हो रहा है। अवैध ढांचों को गिराते समय भी लोगों को अपनी बात कहने का अधिकार है। अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं। पुलिस को अपराध रोकना चाहिए। किसी घटना के घटने बाद क्या पुलिस उसकी जांच नहीं करेगी? लेकिन ऐसा करने के लिए पुलिस है ही नहीं। ममता ने कहा कि बंगाल बुलडोजर राज्य' नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश कल्याण बनर्जी ने हॉग बाजार में चुनाव के बाद बुलडोजर से की गई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि बुलडोजर से न्याय का न्यायशास्त्र में कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा, 'चुनाव के बाद हिंसा के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए लोगों की शांतिपूर्ण वापसी सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। इससे किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। कल्याण बनर्जी ने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक हस्तक्षेप की अपील करते हुए पीठ से राज्य सरकार को यह निर्देश देने का आग्रह किया कि वह अदालत की अनुमति के बिना तोड़फोड़ की कोई भी कार्रवाई न करे।

**हाई कोर्ट का नई भाजपा सरकार को निर्देश, राज्य में कानून-व्यवस्था सख्ती से बनाए रखें**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने नवगठित भाजपा सरकार को राज्य में कानून-व्यवस्था 'सख्ती से बनाए रखने' का गुरुवार को निर्देश दिया है। अदालत ने पुलिस को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हिंसा के डर से घर छोड़ चुके लोग सुरक्षित रूप से वापस लौट सकें, चाहे उनकी राजनीतिक विचारधारा कुछ भी हो। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश सुनाया। अदालत ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जबकि याचिकाकर्ता को उसके बाद दो सप्ताह में जवाब देने की अनुमति दी गई। साथ ही अदालत ने तृणमूल कांग्रेस की जनहित याचिका की वैधता के मुद्दे को फिलहाल खुला रखा है।

### अदालत में ममता के खिलाफ वकीलों ने लगाए 'चोर' के नारे, मची अफरा-तफरी

कलकत्ता उच्च न्यायालय में उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा की सुनवाई के बाद परिसर से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थीं और वहां मौजूद वकीलों के एक समूह ने उन्हें देखकर 'चोर-चोर' कहकर नारे लगाए। ममता के साथ अदालत आए तृणमूल नेता और वकील कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा से प्रभावित वकीलों ने पूर्व मुख्यमंत्री को परेशान करने की कोशिश की और पार्टी की कानूनी टीम को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### बीसीआई ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल से ममता की वकालत पर जवाब तलब किया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल बार काउंसिल से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पंजीकरण और पेशेवर वकालत की स्थिति के संबंध में 48 घंटों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा। प्रचलित प्रथा के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, जो संवैधानिक पद पर है या लाभकारी रूप से नियोजित है, उसे अपना बार लाइसेंस सेवा के दौरान निलंबित करवाना पड़ता है और फिर से वकालत करने के लिए इसे पुनः सक्रिय कराना होता है। एक पत्र में, बीसीआई ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के सचिव को ममता के वकील के रूप में पंजीकरण से संबंधित पूरी जानकारी और 2011 से 2026 तक उनके मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान और उसके बाद वकालत के संबंध में विवरण दो दिन के भीतर भेजने का निर्देश दिया। बीसीआई ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल से बनर्जी की पंजीकरण संख्या और राज्य बार काउंसिल में उनके नामांकन की तारीख भी बताने को कहा है। बीसीआई ने पूछा कि क्या उनका नाम वर्तमान में पश्चिम बंगाल राज्य बार काउंसिल द्वारा बनाए गए अधिवक्ताओं की राज्य सूची में अब भी दर्ज है? राज्य बार एसोसिएशन से यह भी पूछा गया है कि क्या बनर्जी ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कभी भी वकालत का निलंबन या वकालत बंद करने की कोई सूचना दी थी।

# 'भड़काऊ टिप्पणी' करने के आरोप में तृणमूल विधायक दिलीप मंडल के घर पर छापामारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के विष्णुपुर से तृणमूल कांग्रेस विधायक दिलीप मंडल के घर गुरुवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी की। विष्णुपुर थाने की पुलिस टीम विधायक के पैलान स्थित आवास पर पहुंची। पुलिस के साथ केंद्रीय बल के जवान भी घर के बाहर तैनात रहे। दरअसल, हाल ही में, दिलीप मंडल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, हालांकि उसकी सत्यता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। आरोप है कि उस वीडियो में विधायक ने विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी भरे अंदाज में संबोधित किया था। इसी मामले को लेकर विधायक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्राथमिक जानकारी



के अनुसार, उसी शिकायत के आधार पर गुरुवार की सुबह पुलिस ने विधायक के घर पर कार्रवाई की। हालांकि, छापेमारी के समय दिलीप मंडल घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस अधिकारियों ने सुसज्जित आवास के विभिन्न हिस्सों में लंबे समय तक तलाशी अभियान चलाया और कई संभावित दस्तावेजों व अन्य सामग्रियों की जांच की। जांच अधिकारी घर के अलग-अलग हिस्सों से जानकारी और साक्ष्य जुटाने में लगे रहे। हालांकि, पुलिस किन विशेष तथ्यों या सामग्रियों की तलाश कर रही थी, इस बारे में अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## हावड़ा के छात्रों ने 12वीं परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के विद्यार्थियों ने उच्च माध्यमिक परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल कर शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**शिबपुर अंबिका हिंदी हाई स्कूल**

शिबपुर अंबिका हिंदी हाई स्कूल ने उच्च माध्यमिक परीक्षा 2026 में 97 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष कुल 183 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 178 छात्र सफल रहे। विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय में रिया कुमारी साव और राधा कुमारी ने 500 में 400 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। जुली कुमारी ने 394 अंक के साथ द्वितीय तथा शाहिन परवीन ने 388 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

**डानकुनी मॉडर्न भारती इंस्टीट्यूट**

डानकुनी मॉडर्न भारती इंस्टीट्यूट ने भी इस वर्ष शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संकायों में शानदार अंक प्राप्त किए। आर्ट्स स्ट्रीम में निशा कुमारी ने 370 तथा सौमिली घोष ने 358 अंक प्राप्त किए। साइंस स्ट्रीम में लिप्सा रानी बारिक ने 432 और सम्सुन नेहा खातुन ने 400 अंक हासिल किए। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में खुशबू साह ने 412 तथा तबस्सुम परवीन ने 375 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भावना राय ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को भविष्य में और बेहतर परिणाम के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

### जामुड़िया में कोयला खदान की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत, 15 घायल

**आसनसोल :** आसनसोल स्थित 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' (ईसीएल) की एक कोयला खदान में गुरुवार को 'एयर ब्लास्ट' के बाद भूमिगत खदान की दीवार का एक हिस्सा ढह जाने से एक मजदूर की मौत हो गई और कम से कम 15 अन्य घायल हो गए। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10.30 बजे ईसीएल के कुनुस्तोरिया क्षेत्र स्थित परासिया कोयला खदान में हुआ। घटना के समय कई खनिक अंदर काम कर रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खदान के सेक्शन-27 में 'एयर ब्लास्ट' हुआ, जिसके कारण कई मजदूर फंस गए और घायल हो गए। खदान में एयर ब्लास्ट का मतलब भूमिगत खदान के भीतर हवा या गैस के दबाव के अचानक बाहर निकलने से पैदा होने वाला तेज बहाव है। अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के प्रभाव से खदान के अंदर काम कर रहे मजदूर अलग-अलग दिशाओं में जा गिरे। घटना के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अधिकारी के मुताबिक, घायलों को रानीगंज स्थित बांसरा अस्पताल और आसनसोल स्थित कल्ला अस्पताल सहित ईसीएल द्वारा संचालित अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं, देबायन मुंडा नामक एक श्रमिक को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल श्रमिकों में कई संविदा मजदूर हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हुगली के मेधावी विद्यार्थियों ने 12वीं परीक्षा में दिखाई प्रतिभा की चमक

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के विभिन्न हिंदी माध्यम स्कूलों के विद्यार्थियों ने 12वीं परीक्षा 2026 के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया है। कई स्कूलों में शानदार सफलता दर्ज की गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

**रिसड़ा विद्यापीठ**

रिसड़ा विद्यापीठ ने 96 में से 95 विद्यार्थियों को सफल बनाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमर्स विभाग में दिवाकर झा ने 478 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मेघा मंडल और शुभम साव 470 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय तथा समरीन अकबर 444 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान विभाग में कृति साव ने 425 अंक प्राप्त कर प्रथम, सिमरन साव ने 420 अंक के साथ द्वितीय तथा अंकित कुमार यादव ने 415 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

**रिसड़ा स्वतंत्र हिन्दी विद्यालय**

रिसड़ा स्वतंत्र हिन्दी विद्यालय में 145 में से 112 विद्यार्थी सफल रहे। कला विभाग में विष्णु राय ने 406 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रौनक पासी 401 अंकों के साथ द्वितीय तथा मंताशा आबिद 390 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स विभाग में राज कुमार ने 417 अंक प्राप्त कर प्रथम, विद्या कुमारी ने 416 अंक के साथ द्वितीय तथा विजय कुमार झा ने 409 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बंधु नाथ झा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

**रिसड़ा असेंबली ऑफ लिटिल बड्स हाई स्कूल**

रिसड़ा असेंबली ऑफ लिटिल बड्स हाई स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी 86 विद्यार्थी सफल हुए। कॉमर्स विभाग में आदित्य झा ने 469 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आकांक्षा शाव 462 अंक के साथ द्वितीय तथा श्रीप्रिया सिंह और नंदनी प्रसाद 452 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान विभाग में आदर्श कुमार मिश्रा ने 450 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा सिंह 417 अंक के साथ द्वितीय तथा तनीषा साव 412 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

**बंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय**

बंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय में 125 में से 98 विद्यार्थी सफल रहे। कला विभाग में रानी कुमारी ने 451 अंक प्राप्त कर प्रथम, रजनी साव 443 अंक के साथ द्वितीय तथा आदित्य कुमार पासवान 442 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रसाद ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

**हुगली गौर हरि हरिजन विद्यालय**

हुगली गौर हरि हरिजन विद्यालय में 113 में से 110 विद्यार्थी सफल रहे। कला विभाग में दीपक साव ने 430 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रिया राजवंशी 386 अंकों के साथ द्वितीय और राजीव कुमार दास 379 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य विभाग में अंकिता यादव ने 459 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। रिशिका भगत 451 अंकों के साथ द्वितीय तथा रविवार कुमार 447 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं विज्ञान विभाग में किरन साव ने 401 अंक प्राप्त कर प्रथम, मनीष कुमार रजक ने 373 अंक के साथ द्वितीय तथा रूपेश कुमार मंडल ने 361 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस बी यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**राधिका टाउन हाई स्कूल**

राधिका टाउन हाई स्कूल में 204 में से 202 विद्यार्थी सफल रहे। कला विभाग में बिंदिया दूबे ने 424 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मेघा सरकार ने 412 अंकों के साथ द्वितीय और रिमी साव 405 अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य विभाग के बिनीता केजरीवाल 465 अंक पाकर प्रथम, रौनक रजक और अमन कुमार सिंह 457 अंकों के साथ द्वितीय और अमन पांडेय 455 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान विभाग के दीक्षा शर्मा 442 अंक पाकर प्रथम, नीलम चौधरी 429 अंकों के साथ द्वितीय और खुशी चौधरी 415 अंको के साथ तृतीय स्थान पर रही।

### अमित एजुकेशन इंस्टीट्यूट का शानदार प्रदर्शन, छात्रा मेघा मंडल ने हासिल किए 100 अंक

**हुगली, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक परीक्षा फल 2026 में अमित एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर बेहतरीन परिणाम देकर अपनी सफलता का परचम लहराया है। संस्थान की छात्रा मेघा मंडल ने इकोनॉमिक्स विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर इंस्टीट्यूट का नाम रोशन किया। वहीं, संस्थान के 25 से अधिक छात्रों ने इकोनॉमिक्स में 90 से ज्यादा अंक हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही कई छात्रों ने अपने-अपने स्कूलों में टॉप स्थान भी प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक एवं इकोनॉमिक्स शिक्षक अमित सर ने सभी सफल छात्रों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।

## सीमा पर फेंसिंग को लेकर सरकार सक्रिय, बीएसएफ चौकियों के लिए जमीन का ब्यौरा जल्द मांगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर जिन इलाकों में अब तक कांटेदार तार की घेराबंदी नहीं हुई है, वहां जल्द फेंसिंग का काम शुरू करने को लेकर राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। नई राज्य सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि सीमा पर फेंसिंग के लिए आवश्यक जमीन 45 दिनों के भीतर बीएसएफ को सौंप दी जाएगी। इसी क्रम में, अब भूमि एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों और बीएलआरओ अधिकारियों को तत्काल आवश्यक जानकारी भेजने का निर्देश दिया है। अधिकारियों से पूछा गया है कि फेंसिंग और बीएसएफ के आउटपोस्ट बनाने के लिए कितनी जमीन की आवश्यकता होगी। भूमि एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि 45 दिनों के भीतर बीएसएफ को जमीन हस्तांतरित करनी होगी। इसके लिए जरूरी जमीन की पहचान कर हस्तांतरण की प्रक्रिया तुरंत शुरू करने को कहा गया है। निर्देश में यह भी कहा गया है कि जहां मुआवजा देने की जरूरत होगी, वहां राज्य सरकार की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर बीएसएफ के साथ समन्वय बनाकर काम करने को भी कहा गया है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026 की प्रथम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026 की प्रथम बैठक अनिल कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त प्रधान विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इसके अलावा, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई। राजभाषा विभाग द्वारा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा एवं अज्ञेय, फणीश्वर नाथ रेणु जैसे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकारों के जयंती मनाई गयी,हिंदी कविता का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ रश्मि पाल चौधरी, अपर चिकित्सा निदेशक, (चिकित्सा भण्डार) द्वारा मधुमेह से जुड़े मिथक एवं भ्रांतियां विषय पर एक पावर पॉइंट की प्रस्तुति दी गई। बैठक का संचालन ए के पाण्डेय, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया।

## चिटफंड पीड़ितों को राहत : हाई कोर्ट ने राज्य को दिया कामकाज जारी रखने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में कलकत्ता हाई कोर्ट ने चिटफंड निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी परिस्थिति में धनवापसी प्रक्रिया बाधित नहीं होनी चाहिए। दरअसल, राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी आदेश के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवा से हटाने का निर्देश दिया गया था, जिसका असर न्यायालय द्वारा गठित तालुकदार कमेटी पर भी पड़ा। इस कमेटी में कार्यरत कई अधिकारी सेवानिवृत्त श्रेणी में आते हैं, जिसके कारण इसके कामकाज पर संकट उत्पन्न हो गया था। निवेशकों की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि इस फैसले से कमेटी का



कार्य लगभग ठप हो गया है और हजारों पीड़ितों की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने राज्य को सख्त निर्देश देने के बजाय संवेदनशील रुख अपनाते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि कमेटी का कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। अदालत की इस पहल को निवेशकों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से वे अपनी जमा पूंजी लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी की कालीघाट में तृणमूल सांसदों संग अहम बैठक, चुनाव बाद हालात और आंदोलन रणनीति पर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कालीघाट स्थित पार्टी कार्यालय में गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस की अहम बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की। बैठक में पार्टी के सांसदों और राज्यसभा सदस्यों ने भाग लिया। इनमें अभिषेक बनर्जी, सौगत राय, सुदीप बनर्जी, कल्याण बनर्जी, शताब्दी राय और यूसुफ पठान सहित कई नेता मौजूद रहे। बैठक शाम करीब 4 बजे शुरू हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में चुनाव के बाद की स्थिति और तृणमूल कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे मतदान में अनियमितता व हिंसा के आरोपों पर चर्चा हुई। साथ ही, आने वाले दिनों में विरोध-प्रदर्शन और राजनीतिक आंदोलन की रूपरेखा भी तय की गई। बताया गया कि जिला



स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में चुनाव के बाद हुई हिंसा की घटनाओं का मुद्दा भी उठा। तृणमूल का दावा है कि चुनाव के बाद विभिन्न इलाकों में पार्टी के 10 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है और कई पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई है। घबराकर घर छोड़ने वाले कार्यकर्ताओं की सुरक्षित वापसी और इस संबंध में अदालत के निर्देशों पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पहले की तरह सड़कों पर उतरकर आंदोलन जारी रखेगी।

**ममता ने कल्याण बनर्जी को लोकसभा में दोबारा पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया**

सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को काकोली घोष दस्तीदार को हटाकर कल्याण बनर्जी को लोकसभा में दल का मुख्य सचेतक नियुक्त किया। तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कालीघाट स्थित आवास पर हुई बैठक के बाद कल्याण को मुख्य सचेतक बनाने की घोषणा की। ममता बनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के नेता के रूप में अभिषेक बनर्जी और उपनेता के रूप में शताब्दी रॉय को बरकरार रखा।

## 'वंदे मातरम' के सम्मान पर बंकिम चंद्र के वंशजों ने केंद्र को कहा धन्यवाद, नैहाटी को पर्यटन स्थल बनाने की योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** नैहाटी से भाजपा के विधायक और 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने बुधवार को कहा कि उनकी योजना इस महान उपन्यासकार के जन्मस्थान को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की है, जहां लोग आकर उनके पैतृक घर को देख सकें। चटर्जी ने बुधवार को विधायक पद की शपथ ली। उन्होंने चुनाव से ठीक पहले भाजपा का दामन थामा था। शपथ ग्रहण के बाद चटर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को 'वंदे मातरम्' को 'वास्तविक सम्मान' देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी कार्यक्रमों में इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में पूर्ण रूप से नहीं गाया जाता था। उन्होंने पूर्व राज्य और केंद्र सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने चट्टोपाध्याय के आवास के लिए 'उसे अधिग्रहित कर विरासत भवन घोषित करने' के अलावा कुछ नहीं किया। विधायक ने कहा कि चट्टोपाध्याय के पैतृक आवास को पर्यटकों के सामने उचित तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके कारण यह अब तक काफी उपेक्षित बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि केंद्र सरकार के पास नैहाटी को बंकिम चंद्र की स्मृतियों से जुड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की व्यापक योजनाएं हैं, जहां उनकी बहुआयामी प्रतिभा, राष्ट्रवादी विचारधारा और साहित्यिक कृतियों को देशी और विदेशी पर्यटकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। चटर्जी ने कहा कि नैहाटी के निवासी और चट्टोपाध्याय के वंशज होने के नाते उनके पास 'पूरे इलाके के विकास के लिए कई नए सुझाव' हैं। उन्होंने कहा कि नैहाटी को समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना के तहत वहां मौजूद एक बड़ी लेकिन अनुपयोगी झील को साफ कर मत्स्य परियोजना शुरू की जा सकती है। झील के पास एक रिसॉर्ट बनाया जा सकता है और उसे 'डेस्टिनेशन वेडिंग' स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। चटर्जी ने कहा कि हालांकि यह कहा जाता है कि राष्ट्रीय गीत की रचना चिनसुरा में हुई थी, लेकिन नैहाटी ने भी इसकी रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



कोलकाता से श्री सहस्रार्जुन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जायसवाल ने सांसद मनोज तिवारी के आवास पहुंचकर भाजपा की जीत पर उन्हें बधाई दी।

## न्यू सील लेन के शिव मंदिर में देवी-देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान में स्थित 1, न्यू सील लेन में 40 वर्ष पुरानी शिव मंदिर जीर्णोद्धार के धार्मिक अनुष्ठान के तीसरे दिन मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा और देव पूजन वैदिक रीतियों के अनुसार संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रों और समस्त देवी-देवताओं की आरती के धुन पर पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। इस अनुष्ठान में इलाके के सभी लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सफेद मार्बल से निर्मित मंदिर और विराजमान भगवान शंकर, श्री राम-लक्ष्मण, मां सीता, गणेश महाराज, राधा-कृष्ण और मां दुर्गा का दिव्य रूप राहगीरों और श्रद्धालुओं को अकस्मात अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्रियों के लिए नए निजी सचिव नियुक्त

**पटना:** बिहार में नई सरकार के गठन और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर फेरबदल जारी है और इसी क्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्रियों के लिए नए निजी सचिव (पीएस) एवं निजी स्टाफ अधिकारियों की तैनाती की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कीं। जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निजी (आप्त) सचिव के रूप में बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रणजीत कुमार को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में कई अन्य मंत्रियों के निजी सचिव स्तर के अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी के पीएस के रूप में संजीव कुमार की नियुक्ति की गई है। वहीं, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह के निजी सचिव के रूप में नलिन कुमार को तैनात किया गया है। ये अधिकारी बिहार प्रशासनिक सेवा के हैं।

## सारण में 'ऑर्केस्ट्रा' दलों से 28 नाबालिग लड़कियां मुक्त करायी गयीं, छह गिरफ्तार

**पटना:** बिहार के सारण जिले में विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर पुलिस ने 'ऑर्केस्ट्रा' दलों में जबरन नाचने और शोषण का शिकार बनाई गईं 28 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन नाबालिग लड़कियों में 15 पश्चिम बंगाल की, पांच छत्तीसगढ़ की, चार असम की तथा दो-दो उत्तर प्रदेश और बिहार की निवासी हैं तथा पुलिस ने इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को तरैया, कोपा और इसुआपुर क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान नौ नाबालिग लड़कियों को बचाया गया, जबकि 12 मई को सारण जिले के विभिन्न इलाकों से 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया था। जिला पुलिस के बयान में कहा गया है, विशेष सूचना के आधार पर जिला पुलिस और एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के सदस्यों ने मंगलवार और बुधवार को सारण जिले के विभिन्न स्थानों पर संयुक्त रूप से छापेमारी की तथा ऑर्केस्ट्रा दलों में शोषण एवं जबरन नाचने के लिए मजबूर की जा रही 28 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया।

## ज्ञानवापी मामले में वुजू-खाना एएसआई सर्वेक्षण याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना क्षेत्र के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार को टाल दी। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई, 2026 की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल, वाराणसी की एक अदालत में वादकारियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अदालत ने सुनवाई टाल दी। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वुजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग को छोड़कर) के सर्वेक्षण के लिए एएसआई को निर्देश देने से इनकार कर दिया गया था।

## बिहार : भोजपुर-बक्सर विधान परिषद सीट पर राजद का कब्जा

**आरा:** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बृहस्पतिवार को उस समय करारा झटका लगा, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भोजपुर-बक्सर विधान परिषद सीट पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली। यह उपचुनाव जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य राधाचरण साह के इस्तीफे के कारण कराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि राधाचरण साह के पुत्र कन्हैया साह को राजद उम्मीदवार सोनू कुमार राय ने 340 मतों से पराजित किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हुए उपचुनाव में लगभग 5,500 वैध मत पड़े थे। भोजपुर और बक्सर जिलों के स्थानीय निकायों के सदस्यों ने इस चुनाव में मतदान किया था। राधाचरण साह ने पिछले वर्ष नवंबर में संदेश विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित होने के बाद विधान परिषद की सदस्यता छोड़ दी थी। विधानसभा चुनाव में राजग ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। सोनू कुमार राय भोजपुर-बक्सर के पूर्व विधान परिषद सदस्य लालदेश राय के पुत्र और संदेश के पूर्व विधायक विजेंद्र कुमार यादव के दामाद हैं।

# उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से तबाही, 96 लोगों की मौत



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और भारी बारिश के कारण पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा मकानों को नुकसान पहुंचा, जिससे कम से कम 96 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर प्रभावितों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 'एक्स' पर जारी पोस्ट के अनुसार, 13 मई को खराब मौसम के कारण आंधी-तूफान, बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से प्रदेश में 89 लोगों की मौत हुई थी। बाद में विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट के आधार पर मृतकों की संख्या बढ़कर 96 तक पहुंच गई। बयान के अनुसार, इन घटनाओं में 53 लोग घायल हुए, 87 मकान क्षतिग्रस्त हुए और 114 मवेशियों की भी मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को नुकसान का पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सत्यापन कर 24 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि वितरित करने तथा उनसे सीधे संवाद कर आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज में 24, भदोही में 16, फतेहपुर में नौ, बदायूं में पांच, प्रतापगढ़ में चार, चंदौली और कुशीनगर में दो-दो तथा सोनभद्र में एक व्यक्ति की मौत हुई है। प्रयागराज जिला प्रशासन के अनुसार यहां बुधवार की घटनाओं में कुल 24 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। भदोही में 16 मौतें दर्ज की गई हैं। फतेहपुर में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में नौ लोगों की मौत हुई है और 16 घायल हुए हैं। प्रतापगढ़ में आंधी-तूफान और बारिश के कारण चार लोगों की मौत हुई है। कानपुर देहात में बिजली गिरने से एक युवती सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि देवरिया में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान गई। सोनभद्र में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर मकान, शेड और दीवारें गिरने से जनहानि हुई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, नुकसान का सर्वे कराने तथा राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों के माध्यम से शीघ्र आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

### पुतिन ने तूफान में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**मॉस्को** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को भारत के उत्तर प्रदेश में आए तूफान से हुई भारी जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को आए भीषण तूफान और भारी बारिश के कारण पेड़ उखड़ गए और घर क्षतिग्रस्त हो गए जिससे कम से कम 89 लोगों की मौत हो गई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए संदेश में प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल और प्रभावित लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में चक्रवात के कारण हुई भारी जानमाल की हानि और बड़े पैमाने पर हुई तबाही पर मेरी गहरी संवेदनाएं स्वीकार करें। पुतिन ने कहा, कृपया पीड़ितों के परिवारों और मित्रों के प्रति मेरी संवेदना और समर्थन व्यक्त करें, साथ ही इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने मैं कामना करता हूं।

# मोदी ईंधन अपील : यूपी में कहीं साइकिल से तो कहीं पैदल दफ्तर पहुंचे अधिकारी





**लखनऊ/बाराबंकी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोलियम उत्पादों को बचाने और प्रदूषण कम करने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश के कुछ वरिष्ठ अधिकारी बृहस्पतिवार को कहीं साइकिल चलाकर तो कहीं पैदल चलकर दफ्तर पहुंचे। लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के निदेशक राधा कृष्ण धीमान अपने आवास से संस्थान तक साइकिल चलाकर पहुंचे। धीमान ने एक बयान में कहा कि संस्थान के विभिन्न संकायों के सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को परिसर के भीतर और आसपास अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने तथा जहां संभव हो, पैदल चलने या साइकिल का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। धीमान ने कहा कि संस्थान परिसर में विभिन्न स्थानों पर साइकिल स्टैंड स्थापित करने की भी योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि वाहनों पर निर्भरता कम करने से पेट्रोलियम उत्पादों की बचत होगी, प्रदूषण घटेगा और स्वास्थ्य व फिटनेस में भी सुधार होगा। वहीं, बाराबंकी में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह अतिरिक्त जिलाधिकारी निरंकार सिंह के साथ अपने आवास से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और आम लोगों से अपील की कि जहां संभव हो, पैदल चलने को प्राथमिकता दें, ताकि ईंधन की बचत हो और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यभर में सरकारी काफिलों में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही उन्होंने मितव्ययिता अभियान के तहत सार्वजनिक परिवहन, वर्चुअल बैठकों और 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था को अधिक अपनाने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि वाहनों पर निर्भरता कम करने से पेट्रोलियम उत्पादों को बचाने, प्रदूषण कम करने और स्वास्थ्य तथा फिटनेस में सुधार करने में मदद मिलेगी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत



**बांदा:** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) पलाश बंसल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बंसल ने बताया कि दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल 16 वर्षीय लड़की रिया को बेहतर उपचार के लिये कानपुर ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आजमगढ़ जिले के रामगढ़ गांव निवासी अजीत (38), उसकी मां प्रेमशिला (55), दादी चंद्रावती (80) और चाची निशा विश्वकर्मा (40) के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि महोबा जिले के कबरई कस्बे का रहने वाला अजीत अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार में सवार होकर आजमगढ़ से कबरई लौट रहा था कि तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गयी। उन्होंने बताया कि अजीत की आंख लग गयी होगी, जिस कारण यह हादसा हो गया। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## गोरखपुर में बीटेक छात्र ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में माता-पिता से मांगी माफी

**गोरखपुर:** अलीगढ़ के बीटेक के एक छात्र ने गोरखपुर के रामगढ़ताल इलाके में अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र घनेंद्र चौधरी (23) के रूप में हुई है। वह रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के इंदिरानगर इलाके में स्थित एक निजी छात्रावास में अकेले रहता था। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12:30 बजे छात्र के कमरे से बाहर न निकलने पर छात्रावास वार्डन ने रामगढ़ताल पुलिस को सूचना दी। लंबे समय तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां छात्र पंखे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस को कमरे से एक पन्ने का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। नोट में छात्र ने लिखा, मैं न तो एक अच्छा बेटा बन सका और न ही एक अच्छा छात्र। मां और पिताजी, कृपया मुझे माफ कर दें। मैं आपकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। मैं अगले जन्म में आपका बेटा बनकर लौटूंगा और आपके सपनों को पूरा करूंगा। रामगढ़ताल थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जो गोरखपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

### लखीमपुर खीरी में नीट अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी:** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सदर थाना क्षेत्र के गंगोत्री नगर इलाके में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी के एक अभ्यर्थी ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना के पीछे परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न मानसिक तनाव को कारण बताया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रितिक मिश्रा (21) के रूप में हुई है, जिसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि यह उसका तीसरा नीट प्रयास था और उसे इस बार परीक्षा पास करने का पूरा भरोसा था, लेकिन परीक्षा रद्द होने से वह गहरे मानसिक तनाव में आ गया था। हालांकि, पुलिस ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कमरा अंदर से बंद पाया गया। मृतक मूल रूप से ईसानगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कटौली का रहने वाला था, जबकि उसका एक अन्य पारिवारिक आवास लखीमपुर शहर के गंगोत्री नगर में है। गंगोत्री नगर में उसका शव छत से लटका हुआ मिला। रितिक के पिता अनूप मिश्रा ने बताया कि वह बुधवार को अपने पैतृक गांव से शहर लौटा था और परीक्षा रद्द होने के बाद से तनाव में था। उन्होंने कहा, पेपर लीक की खबरों के बाद नीट परीक्षा रद्द होने से रितिक काफी मानसिक तनाव में था। यह उसका तीसरा प्रयास था और उसे इस बार सफलता का पूरा भरोसा था, लेकिन परीक्षा रद्द होने से वह भावनात्मक रूप से टूट गया।

## बिहार : नवादा में अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारी घायल



**नवादा:** बिहार के नवादा जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी के दौरान एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घायल सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की पहचान नागेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में अवैध बालू खनन से जुड़े छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह घटना बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात नरदीगंज थाना क्षेत्र के केसरिया गांव में हुई। नरदीगंज थाने के प्रभारी आदित्य कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि अवैध बालू खनन की सूचना मिलने पर पुलिस दल ने केसरिया गांव में छापेमारी की। उन्होंने कहा, पुलिस को देखकर ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू ले जा रहा एक व्यक्ति वाहन लेकर भागने लगा। एएसआई ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने वाहन नहीं रोका और पुलिस अधिकारी को टक्कर मार दी। इसके बाद वह ट्रैक्टर को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। घायल एएसआई को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। घटना के संबंध में अब तक छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# राजस्थान : टोंक में 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

### धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप



**जयपुर:** राजस्थान के टोंक जिले में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने किराये के मकान में कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला एक लड़की से संबंध, पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। वहीं, मृतक छात्र (17) के परिजनों ने लड़की और उसके परिवार पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। जयपुर निवासी छात्र पिछले पांच वर्षों से अपनी मां और छोटे भाई के साथ टोंक में किराये के मकान में रह रहा था। कोतवाली थाना प्रभारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह देर तक छात्र अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। इसके बाद उसकी मां ने खिड़की से देखा तो वह पंखे से लटका मिला। परिजन और पड़ोसी उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया कि छात्र का पिछले दो वर्षों से उसी निजी स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा से संबंध था। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच अक्सर होने वाले विवाद के कारण छात्र मानसिक रूप से परेशान रहता था। मृतक छात्र की मां ने घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि लड़की और उसके परिवार के लोग उसके बेटे पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहे थे। थाना प्रभारी ने कहा, शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध खनन: न्यायालय ने राजस्थान सरकार को आड़े हाथों लिया

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने ''प्रशासनिक उदासीनता और संस्थागत निष्क्रियता'' को लेकर राजस्थान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बृहस्पतिवार को उसके कई शीर्ष अधिकारियों को 20 मई को व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया ताकि वे अवैध रेत खनन गतिविधियों को रोकने संबंधी निर्देशों के अनुपालन में उठाए गए कदमों की जानकारी दे सकें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राजस्थान सरकार का रवैया इस मामले में ''पूरी तरह लापरवाह-पूर्ण, उदासीन और निष्क्रिय'' दिखाई देता है। यह मामला बड़े पैमाने पर अवैध खनन, अपूरणीय पर्यावरणीय क्षति और राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य के भीतर संरक्षित वन्यजीव आवासों के विनाश से संबंधित है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है।

## राजस्थान में भीषण गर्मी, फलौदी में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस



**जयपुर:** राजस्थान बृहस्पतिवार को भी भीषण गर्मी की चपेट में रहा। फलौदी सबसे गर्म स्थान रहा और अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि जैसलमेर में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि श्रीगंगानगर में 44.8 डिग्री, बीकानेर में 44.1 डिग्री, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर में 44 डिग्री, कोटा में 43.3 डिग्री, पिलानी में 43 डिग्री, चूरू में 42.8 डिग्री और जयपुर में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विभाग ने 15 मई को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। अगले 48 घंटों में दिन के तापमान में 1-2 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। विभाग के अनुसार, 17 मई से तापमान में फिर वृद्धि होगी।

# पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए निभानी होगी सामूहिक जिम्मेदारी : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उत्पन्न वैश्विक संकट से निपटने के लिए जनता से एकजुट होने का आह्वान करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस चुनौती से पार पाने के लिए सभी को सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने यहां एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित '9 डिफाइनिंग इयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग यूपी' कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह कोविड-19 महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, उसी प्रकार पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच भी राष्ट्रीय भावना और सामूहिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, यह एक वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य और उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह सार्वजनिक परिवहन और अक्षय ऊर्जा जैसे विकल्पों को अपनाकर देश की आत्मनिर्भरता की मुहिम को मजबूत करे। आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने संबंधी हालिया अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन बचत के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक वाहनों और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए और हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रहित में अपना योगदान दे। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से पढ़ना, समझना और उस पर विचार करना चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के 7,700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंशीय पशुओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस संयंत्र आधारित सामूहिक रसोई मॉडल विकसित करने की योजना है, ताकि रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम की जा सके।

# पंचतत्व में विलीन हुए प्रतीक यादव, लखनऊ में हुआ अंतिम संस्कार



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर का बृहस्पतिवार को लखनऊ के 'बैकुंठ धाम' में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी। प्रतीक यादव का 38 वर्ष की उम्र में बुधवार सुबह हृदय और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के कारण बीमार पड़ने के बाद निधन हो गया था । उन्हें तबीयत खराब होने पर राजधानी के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रतीक के पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा विक्रमादित्य मार्ग स्थित उनके आवास से शुरू हुई। शव यात्रा के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव ने अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान प्रतीक की पत्नी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, उनकी बेटियों प्रथमा तथा पद्मजा तथा अन्य रिश्तेदारों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी। अपर्णा अपनी दोनों बेटियों तथा जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ श्मशान घाट पहुंचीं। घाट पर मौजूद पुरोहित महेन्द्र शर्मा ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के बाद प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान वह बेहद भावुक हो गये और अपने आंसू नहीं रोक सके। प्रतीक के पार्थिव शरीर को कुछ समय के लिए रास्ते में समाजवादी पार्टी के कार्यालय में भी रखा गया। यह उस पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार किया गया जिसके तहत श्मशान घाट पहुंचने से पहले पार्थिव शरीर को पांच बार जमीन पर रखा जाता है। प्रतीक को जानवरों से बहुत प्रेम था लिहाजा उनकी पत्नी अपर्णा यादव ने शव वाहन पर प्रतीक की उनके कुत्तों और एक बंदर के साथ वाली तस्वीरें भी लगाई थीं। शव यात्रा में बड़ी संख्या में सपा और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। दोपहर करीब पौने एक बजे प्रतीक की शव यात्रा 'बैकुंठ धाम' श्मशान घाट पहुंची और उनके पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की गयी। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव, चचेरे भाई तथा सांसद आदित्य यादव तथा परिवार के कई अन्य सदस्यों के साथ-साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा लगातार दूसरे दिन असम पुलिस की अपराध शाखा के सामने पेश हुए

**गुवाहाटी:** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा द्वारा दर्ज कराए गए मामलों के संबंध में लगातार दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी राज्य पुलिस की अपराध शाखा के समक्ष पेश हुए। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिंकी के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। इसके बाद ये मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस ने बुधवार को खेड़ा से 10 घंटे से भी अधिक समय तक पूछताछ की और उन्हें आज दोबारा पेश होने के लिए कहा गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए पेश होने से पहले संवाददाताओं से कहा, 'मैं जांच में सहयोग कर रहा हूं और आज भी ऐसा ही करूंगा।'

## चारधाम यात्रा में अब तक 38 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून:** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में चल रही चारधाम यात्रा के शुरुआती तीन सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अब तक 38 तीर्थयात्रियों की मृत्यु दर्ज की गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने यह जानकारी दी। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुई थी। केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को जबकि बदरीनाथ मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। एसईओसी के अनुसार, 13 मई की शाम पांच बजे तक चारधाम यात्रा के दौरान 38 श्रद्धालुओं की मौत की सूचना मिली है। इनमें केदारनाथ में सबसे अधिक 21 मौतें दर्ज की गईं, जबकि बदरीनाथ में सात तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में पांच-पांच श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई। अधिकारियों ने बताया कि ये मौतें विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं, जिनमें ऊंचाई के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां और दिल का दौरा प्रमुख हैं।

## असम में चार मंत्रियों को विभागों का आवंटन

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ शपथ लेने वाले चार मंत्रियों को बृहस्पतिवार को विभाग आवंटित कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई मंत्रियों के विभागों की सूची को मंजूरी दे दी है। शर्मा मंत्रिमंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रामेश्वर तेली और अजंता नियोग, असम गण परिषद (एजीपी) के अतुल बोरा तथा बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री तेली को श्रम कल्याण, चाय जनजाति एवं आदिवासी कल्याण तथा परिवर्तन एवं विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछली सरकार में वित्त मंत्री रहीं नियोग को महिला एवं बाल विकास तथा पर्यटन विभाग आवंटित किए गए हैं। पिछली सरकार में कृषि मंत्री रहे बोरा को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, असम समझौता कार्यान्वयन, सीमा संरक्षण एवं विकास तथा आबकारी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे बोरो को परिवहन और बोडोलैंड कल्याण विभाग फिर से सौंपा गया है।

## ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े मामले में कई राज्यों में छापे मारे

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में दिल्ली स्थित एक कंपनी और उससे संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिगाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के इंदौर और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में करीब 14 लोगों और कंपनियों के ठिकानों पर छापे मारे गए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत की गई। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी से संपर्क नहीं हो सका। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने उन सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की थी, जिनमें आरोप लगाया गया था कि जिगाई टेक्नोलॉजीज ने ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों के लिए कुछ लोगों से पेमेंट एग्रीगेटर्स (ऑनलाइन भुगतान से जुड़े मंच) के जरिए धन जुटाया।

# भारत ने वैश्विक चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए व्यावहारिक रास्ते खोजने का आह्वान किया




**नयी दिल्ली:** भारत ने बृहस्पतिवार को ब्रिक्स देशों से वैश्विक संघर्षों, आर्थिक अस्थिरता और व्यापारिक व्यवधानों के प्रभाव से बेहतर तरीके से निपटने के लिए 'व्यावहारिक रास्ते' खोजने का आग्रह किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की, जिसमें ईरान, रूस, ब्राजील और समूह के कई अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट विशेष रूप से अमेरिका और इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध से ऊर्जा आपूर्ति में उत्पन्न भारी व्यवधानों के कारण वैश्विक आर्थिक प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। नयी दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा, 'हम ऐसे समय में मुलाकात कर रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव और अनिश्चितता है।' उन्होंने कहा, 'जारी संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा जलवायु से जुड़ी चुनौतियां वैश्विक परिदृश्य को आकार दे रही हैं।' जयशंकर ने कहा कि विशेष रूप से उभरते बाजारों और विकासशील देशों में यह अपेक्षा बढ़ी है कि ब्रिक्स वर्तमान चुनौतियों से निपटने में रचनात्मक और स्थिरता प्रदान करने वाली भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, 'इस पृष्ठभूमि में आज की हमारी चर्चा वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार करने तथा सहयोग को मजबूत करने के व्यावहारिक उपाय तलाशने का अवसर है।' विदेश मंत्री ने कहा कि विकास से जुड़े मुद्दे अब भी अहम हैं। उन्होंने कहा कि कई देश ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों के साथ-साथ वित्तीय संसाधनों तक पहुंच की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'ब्रिक्स इन देशों को अधिक प्रभावी ढंग से जवाब देने में मदद कर सकता है। आर्थिक मजबूती भी बेहद महत्वपूर्ण है। भरोसेमंद आपूर्ति शृंखला और विविध बाजार इसके आवश्यक घटक हैं। हमें दोनों पर ध्यान देना होगा।' जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था के लिए 'अहम' बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'हाल के संघर्ष संवाद और कूटनीति के महत्व को और रेखांकित करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करने में भी सभी की गहरी साझा रुचि है।'

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्रिक्स देशों के शीर्ष राजनयिकों से मुलाकात की। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के महत्वपूर्ण सम्मेलन की यहां शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री से संयुक्त रूप से मुलाकात करने वाले लोगों में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची, ब्राजील के माउरो विएरा, इंडोनेशिया के सुगिओनो और दक्षिण अफ्रीका के रोनाल्ड लामोला शामिल थे। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट विशेष रूप से अमेरिका और इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध से ऊर्जा आपूर्ति में उत्पन्न भारी व्यवधानों के कारण वैश्विक आर्थिक प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। समूह की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सितंबर में होने वाले ब्रिक्स वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले विदेश मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी की। ब्रिक्स में शुरुआत में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। वर्ष 2024 में इसका विस्तार कर इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया। वर्ष 2025 में इंडोनेशिया भी इस समूह का सदस्य बना।


## न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की



**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और अन्य के खिलाफ आबकारी नीति मामले के संबंध में उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय उन्हें बदनाम करने के इरादे से सोशल मीडिया पर एक सुनियोजित अभियान चलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आरोपियों को आरोपमुक्त किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर अब दूसरी पीठ सुनवाई करेगी। न्यायाधीश ने अवमानना के आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई पोस्ट पर आपत्ति जताई, जिनमें उन पर 'राजनीतिक निष्ठा' का आरोप लगाया गया था और वाराणसी के एक शैक्षणिक संस्थान में दिए गए उनके भाषण के 'संपादित' वीडियो को पोस्ट करके कथित तौर पर उन्हें निशाना बनाया गया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल ने मेरे द्वारा मामले से खुद को अलग करने से इनकार करने के बाद कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय मेरी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में अदालत के अधिकार को कम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।'' न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं को इस मामले से अलग नहीं कर रही हैं, बल्कि अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के कारण मामले को दूसरी पीठ को स्थानांतरित कर रही हैं।

## नौसेना के 'मिग-29के' लड़ाकू विमान की इजेक्शन सीट का पहला स्वदेशी नवीनीकरण पूरा

**नासिक:** भारतीय वायुसेना के नासिक स्थित बेस रिपेयर डिपो ने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए भारतीय नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान की पहली इजेक्शन सीट का स्वदेशी नवीनीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अब तक मिग-29के विमान की इजेक्शन सीटों को नवीनीकरण के लिए रूस भेजा जाता था। बयान के अनुसार बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी), नासिक मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई विमानों के बड़े स्तर पर नवीनीकरण का कार्य करता है। सुखोई-30 एमकेआई की इजेक्शन सीट से प्राप्त अपने अनुभव



का उपयोग करते हुए, बीआरडी ने मिग-29के की इजेक्शन सीट के नवीनीकरण के लिए तकनीक विकसित की, जिसे वायु दक्षता प्रमाणन एजेंसी आरसीएमए ने मंजूरी दे दी। नवीनीकृत इजेक्शन सीट को 13 मई को नासिक में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। इस अवसर पर एयर मार्शल यल्ला उमेश और वाइस एडमिरल राहुल विलास गोखले उपस्थित थे।

## वीडी सतीशन होंगे केरल के अगले सीएम

**तिरुवनंतपुरम :** केरल की राजनीति में पिछले 10 दिनों से चल रहा सबसे बड़ा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया. कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीफ ने राज्य में 10 साल बाद सत्ता में वापसी की और अब पार्टी ने वी.डी. सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री घोषित कर दिया है. चुनावी जीत के बाद मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर पार्टी के भीतर लगातार बैठकों, लॉबिंग और रणनीतिक चर्चाओं का दौर चलता रहा. दिल्ली से लेकर तिरुवनंतपुरम तक कांग्रेस नेतृत्व लगातार मंथन में जुटा था. सवाल सिर्फ मुख्यमंत्री चुनने का नहीं था, बल्कि यह भी था कि भविष्य में केरल कांग्रेस की राजनीति किस चेहरे के इर्द-गिर्द आगे बढ़ेगी. राहुल गांधी ने इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई और केरल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और दावेदारों से कई दौर की



बातचीत की. बुधवार रात राहुल गांधी ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर उन्हें पूरी राजनीतिक स्थिति की जानकारी दी थी. इसके बाद गुरुवार सुबह कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ उनकी बैठक ने फैसले के संकेत साफ कर दिए थे. अब कांग्रेस विधायक दल की बैठक में औपचारिक रूप से वी.डी. सतीशन के नाम पर मुहर लगा दी गई है.लए हम तहे दिल से आभारी हैं।

## 16 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का तीसरा चरण घोषित

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे दौर की शुरुआत की घोषणा की।निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा। पंजाब, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना उन विपक्ष शासित राज्यों में हैं जहां एसआईआर की प्रक्रिया संचालित होगी। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। उनकी सहायता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट होंगे। बयान में कहा गया कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में यह कवायद संपन्न हो जाएगी। एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम इस समय जारी जनगणना में मकानों की गिनती की प्रक्रिया में लगे कर्मियों के अनुरूप तय किया गया है।इन 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूची इस साल अलग-अलग तारीख पर प्रकाशित की जाएगी। ओडिशा, सिक्किम, मिजोरम और मणिपुर में छह सितंबर को सूची जारी की जाएगी और आखिरी दौर में त्रिपुरा में 23 दिसंबर को प्रकाशित करने का कार्यक्रम है। दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र और झारखंड के साथ सात अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। एसआईआर के इस चरण को लेकर अपने संदेश में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, ''मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें और अपने फॉर्म भरें। एसआईआर इस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है कि सिर्फ पात्र मतदाताओं के नाम सूची में रहें और कोई भी अपात्र नाम नहीं रहे।''एसआईआर के दूसरे चरण में नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों की मतदाता सूचियों में 10.2 प्रतिशत लोगों के नाम काटे गए जिनमें 60 लाख से अधिक नाम ऐसे लोगों के थे जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

## सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस धोखाधड़ी मामले में सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली गई जिन्होंने 2015-2017 की अवधि के दौरान अपनी सेवाएं दीं। बयान में कहा गया है, 'मुंबई स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश द्वारा दिनांक 14.05.2026 को जारी किए गए तलाशी वारंट के आधार पर ये तलाशी अभियान चलाए गए। तलाशी अभियान के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए और इस संबंध में जांच जारी है।' प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह के खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हजारों करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी के मामलों में सात मामले दर्ज किए हैं। बयान में कहा गया है, ''इन मामलों में कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है।' प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने इससे पहले 31 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था और रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

# न्यायिक समीक्षा की शक्ति एक संवैधानिक कर्तव्य, जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते: उच्चतम न्यायालय

### शबरिमला समेत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों पर सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायिक समीक्षा की शक्ति केवल अधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक कर्तव्य है और सामाजिक सुधार व कल्याण के मामलों में अदालत अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान की।पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि सामाजिक सुधार की प्राथमिक जिम्मेदारी विधायिका की है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अदालत की भूमिका न तो अति उत्साही सुधारक की होनी चाहिए और न ही मूकदर्शक की।इस पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संवैधानिक न्यायालय अपनी जिम्मेदारी नहीं छोड़ सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व है। परमेश्वर ने यह भी दलील दी कि धार्मिक अधिकारों की वैधता का आकलन केवल तर्कसंगतता के आधार पर नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि आस्था और तर्क में बड़ा अंतर है और यदि हर धार्मिक प्रथा को तर्क की कसौटी पर कसा जाएगा तो संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का महत्व समाप्त हो जाएगा।हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यदि किसी धार्मिक प्रथा से व्यक्ति की स्वतंत्रता या गरिमा प्रभावित होती है तो न्यायालय हस्तक्षेप कर सकता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मामले में कहा कि पिछले 75 वर्षों में बहिष्कार का कोई मामला सामने नहीं आया और निरंकुश सत्ता का आरोप उचित नहीं है।संविधान पीठ ने 16 दिनों तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और सभी पक्षों को 29 मई तक लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है। गौरतलब है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के शबरिमला मंदिर में प्रवेश पर लगी रोक हटाते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था। बाद में 2019 में इस मुद्दे को व्यापक धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्नों के साथ बड़ी पीठ को भेज दिया गया था।

# महिला लाभार्थियों को मई माह की 1,000 रुपये की किस्त जल्द मिलेगी: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय



**चेन्नई:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय ने कहा कि महिलाओं को 'कलैग्नार मगलीर उरिमाई थोगई' योजना की मई माह की किस्त जल्द ही दी जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को 1,000 रुपये दिए जाते हैं। इसकी शुरुआत पूर्ववर्ती द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने की थी और इसका नाम पार्टी के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि के नाम पर रखा गया। विजय के हवाले से जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। इसमें कहा गया, 'सरकार को 'कलैग्नार मगलीर उरिमाई थोगई' योजना के पुनर्गठन के लिए समय चाहिए, जिसके तहत महिलाओं को 1,000 रुपये दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री जोसफ विजय ने निर्देश दिया है कि इस योजना के तहत मई महीने की 1000 रुपये की किस्त जल्द ही लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे जमा कर दी जाएगी।' राज्य विधानसभा चुनाव से पहले विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह की सहायता देने का वादा किया था। इसी बीच, द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने मुख्यमंत्री विजय को संबोधित करते हुए कहा कि राशि 15 तारीख को जमा कर दी जानी चाहिए और उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि पहले से ही जारी योजना के लिए अतिरिक्त समय की क्या आवश्यकता है।

### सरकार शराब बिक्री के लिए 21 वर्ष की आयु सीमा को सख्ती से लागू करेगी

**चेन्नई:** राज्य में नाबालिगों के बीच शराब सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से तमिलनाडु सरकार ने शराब की खरीद और सेवन के लिए 21 वर्ष की कानूनी आयु सीमा की अनिवार्यता को दोहराया है। सरकार ने राज्य भर में शराब की 717 दुकानों को बंद करने का भी आदेश दिया है और नए निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की

मुख्यमंत्री सी. जोसफ विजय ने बृहस्पतिवार को सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस संशोधन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। यह वृद्धि एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर सालाना 1,230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा।

# दिल्ली सरकार ने पेट्रोल डीजल बचाने के लिए 'मेरा भारत मेरा योगदान' अभियान का ऐलान किया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पेट्रोल और डीजल बचाने के लिए 'मेरा भारत मेरा योगदान' अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार के अधिकारी हफ्ते में दो दिन घर से काम करेंगे। गुप्ता ने यहां पत्रकारों से कहा ''प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वैश्विक अनिश्चितता के समय हर नागरिक अपनी जीवनशैली में छोटे बदलाव करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करे और इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार इस अपील को 90 दिनों के जन-अभियान में बदलेगी।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार 'मेरा भारत मेरा योगदान' अभियान चलाएगी जिसके तहत पेट्रोल डीजल बचाने और मितव्ययिता के कई कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के अधिकारी हफ्ते में दो दिन घर से काम करेंगे और निजी क्षेत्र को दो दिन घर से काम करने का परामर्श जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा 'यह वहां होगा जहाँ काम ऑनलाइन हो सकता है और श्रम विभाग इसकी निगरानी करेगा।'' उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री और वह खुद भी इसे लेकर कंपनी प्रबंधन से बात करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने अधिकारियों के तेल कोटे में भी 20 फीसदी की कटौती करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री और अधिकारी हर सोमवार को 'मंडे मेट्रो' मनाएंगे और दफ्तर आने जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे। गुप्ता ने दिल्ली वालों से अपील की कि वे हफ्ते में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाएं, उस दिन अपने निजी वाहन का उपयोग न करें और मेट्रो तथा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार नए पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, हाइब्रिड गाड़ियों की अगले छह महीने तक कोई खरीद नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टर से माल की ढुलाई ट्रकों के बजाय ट्रेनों से करने की भी अपील की ताकि डीजल बचाया जा सके। गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार के मंत्री और अधिकारी अगले एक साल तक कोई आधिकारिक विदेश यात्रा नही करेंगे।

# लाल किला विस्फोट मामला : एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनआईए ने वैज्ञानिक और फोरेंसिक जांच के जरिए एक बड़े ''जिहादी षड्यंत्र'' का पर्दाफाश



किया। जांच में पाया गया कि कुछ कट्टरपंथी बने चिकित्सा पेशेवरों सहित आरोपी एक्यूआईएस/अंसार गजवत-उल-हिंद की विचारधारा से प्रेरित होकर इस घातक हमले को अंजाम देने में शामिल थे। आरोपपत्र गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967; भारतीय न्याय संहिता, 2023; विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908; शस्त्र अधिनियम, 1959; और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की संबंधित धाराओं के तहत दाखिल किया गया है। बयान में कहा गया है कि पुलवामा निवासी डॉ. उमर उन नबी के खिलाफ आरोप समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है, जो आत्मघाती हमले में मारा जा चुका है। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय में मेडिसिन विभाग का पूर्व सहायक प्रोफेसर था। एनआईए के अनुसार, आरोपपत्र में डॉ. नबी के अलावा आमिर राशिद मीर, जासिर बिलाल वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. आदिल अहमद राथर, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद वागे, सोयाब, डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और यासिर अहमद डार के नाम शामिल हैं।

**छत्तीसगढ़ में ईंधन बचाने के लिए पुलिस आरक्षक बैलगाड़ी में ले गया 'बारात'**

# दिल्ली में स्लीपर बस में महिला से सामूहिक बलात्कार, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में काम से घर लौट रही 30 वर्षीय शादीशुदा महिला को एक निजी स्लीपर बस के अंदर कथित तौर पर घसीटकर ले जाया गया और चालक व परिचालक ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। इस बाबत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। साल 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार कांड की याद दिलाने वाली यह घटना 11 मई को हुई। पुलिस सूत्रों ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि महिला मंगोलपुरी इलाके की एक फैक्टरी में काम करने के बाद घर लौट रही थी और सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंचते ही उसने आरोपियों में से एक को बस के दरवाजे के पास खड़ा देखा और उससे समय पूछा। इसके बाद आरोपी ने उसे कथित तौर पर बस के अंदर खींच लिया और नांगलोई की ओर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। विवाहित और तीन बच्चों की मां के बयान के अनुसार, दोनों पुरुषों ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिस समय महिला पर हमला हुआ, उस समय बस नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी। बस को जब्त कर लिया गया है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी)



विक्रम सिंह ने एक वीडियो बयान में कहा, रानी बाग थाने में हमें एक महिला के साथ कथित बलात्कार की सूचना मिली। तुरंत उसका बयान दर्ज किया गया और बिना देरी किए प्राथमिकी दर्ज की गई। डीसीपी ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर 12 मई को रानी बाग थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (बलात्कार), 70(1) (सामूहिक बलात्कार) और 3(5) (साझा मंशा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस को इस घटना की जानकारी सबसे पहले महिला की पीसीआर कॉल से मिली, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दो व्यक्तियों ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गईं। प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे को चार घंटे बाद पकड़ा गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, दोनों आरोपियों को शहर की अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जियो प्लेटफॉर्म्स ने आकाश अंबानी को पांच साल के लिए प्रबंध निदेशक किया नियुक्त



**नयी दिल्ली :** जियो प्लेटफॉर्म्स ने आकाश अंबानी को कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले यह नियुक्ति की है। आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज मई के अंत तक या जून में दाखिल किए जाने की संभावना है। जियो प्लेटफॉर्म्स ने सात मई को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आकाश अंबानी को नौ अप्रैल 2026 से प्रभावी पांच वर्ष की अवधि के लिए कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

## भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगाई रोक

**नयी दिल्ली :** देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, ''चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) ''प्रतिबंधित'' से ''निषिद्ध'' कर दिया गया है।'' यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है।

# सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश, उत्पादन में भी शीर्ष पर



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 2017 से अबतक गन्ना किसानों को 3,21,963 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करके इतिहास रचा है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भुगतान राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो रही है। एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पहले दिन से ही किसानों के हित में कार्य कर रही है। अपने पहले फैसले में किसानों की 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर्जमाफी करने वाली सरकार के निर्देश पर किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान कराया जा रहा है। उप्र सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अबतक कुल 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है। भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई। गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में प्रदेश सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी है। 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं नौ साल में सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

## आरबीआई ने दो प्रमुख निवेश कंपनियों के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किए



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो प्रमुख निवेश कंपनियों (सीआईसी) आरआर होल्डिंग्स और अंजलि कैपफिन के अनुरोध पर उनका पंजीकरण प्रमाणपत्र बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इन कंपनियों का पंजीकरण प्रमाणपत्र इसलिए रद्द किया गया क्योंकि वे अब ऐसे मानकों को पूरा करती हैं, जिनके तहत बिना पंजीकरण के भी सीआईसी के रूप में काम किया जा सकता है। इसके अलावा, एचडीएफसी होल्डिंग्स का भी पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया, क्योंकि यह कंपनी विलय के बाद एक अलग कानूनी इकाई नहीं रही। यह उन सात गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में शामिल है, जिन्होंने अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाया है। इसके साथ ही आरबीआई ने बताया कि गुरु किरपा फिनवेस्ट, गजराज सिक्योरिटीज एंड सर्विसेज, अशोका विनियोग और पूर्वांचल इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी समेत चार एनबीएफसी ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कारोबार से बाहर निकलने के कारण अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र 'सरेंडर' कर दिया। एक अलग अधिसूचना में आरबीआई ने एस्ट्यूट फाइनेंस, रेजिस इंडस्ट्रीज, एमआर फिनकैप और आईएनडी कॉर्प सिक्योरिटीज सहित 150 एनबीएफसी के पंजीकरण भी रद्द कर दिए।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जून से शुरू होंगी उड़ान सेवाएं : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि नोएडा के जेवर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं आगामी 15 जून से शुरू हो जाएंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि हवाई अड्डे की यह परियोजना उस क्षेत्र के बदलाव को दर्शाती है, जो कभी अपराध के लिए जाना जाता था। 'उत्तर प्रदेश के बदलाव के नौ वर्ष' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर क्षेत्र, जो कभी अपराध के लिए बदनाम था, अब एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जेवर में बन चुका है और 15 जून से हम वहां से उड़ान सेवाएं शुरू करने जा रहे हैं।'' विमानन कंपनी इंडिगो और अकासा एयर ने हाल ही में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 में अपनी सरकार के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति को बहुत खराब बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य ''बीमारू'' बन गया था और सूबे में दंगे, अराजकता, व्यापारियों का पलायन, किसानों की आत्महत्या और पारंपरिक उद्योगों का पतन आम बात थी। उन्होंने कहा, ''सरकार की कार्यप्रणाली में न कोई पारदर्शिता थी, न कोई नीति और न ही कोई इरादा। माफिया सरकार के समानांतर अपना राज चलाते थे।''

## देश में ईवी बैटरी की मांग 2032 तक 10 गुना होने का अनुमानः आईईएसए

**नयी दिल्ली :** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए बैटरी की मांग वर्ष 2032 तक करीब 10 गुना बढ़कर 200 गीगावाट-घंटा हो जाने का अनुमान है जबकि 2025 में यह 20 गीगावाट-घंटा थी। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईईएसए ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि भारत में ईवी के लिए अवसर अब केवल वाहन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि असली बढ़त कलपुर्जों के स्थानीय उत्पादन और आपूर्ति शृंखला के विकास में है। इससे भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सकती है। आईईएसए भारतीय ईवी परिदृश्य पर कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) के सहयोग से तैयार एक अध्ययन रिपोर्ट 8-10 जुलाई को नयी दिल्ली में होने वाले 12वें भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के दौरान जारी करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, देश का ईवी उद्योग अब बड़े बदलाव के दौर में है और यह नीति-प्रेरित शुरुआत से आगे बढ़कर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी बन चुकी है, जिसमें बैटरी, मोटर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और आपूर्ति शृंखला शामिल हैं।

## बिहार में अगले पांच साल में हवाई संपर्क को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले पांच साल में राज्य में हवाई संपर्क को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि प्रदेश से हर वर्ष चार से पांच करोड़ लोग हवाई यात्रा कर सकें। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन सीमित स्तर पर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन की बचत और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने तथा आवश्यकतानुसार कम वाहनों के उपयोग का आह्वान किया है। इसी के अनुरूप राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को न्यूनतम वाहनों के उपयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मिथिला की धरती भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाली भूमि है और यहां के उत्पादों की पहचान वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। चौधरी ने कहा कि मखाना को आज दुनिया 'सुपर फूड' के रूप में जानती है और इसकी पहचान मिथिलांचल से जुड़ी है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने सत्र की मजबूत शुरुआत की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक दायरे में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। इस तरह बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद बाजार ने दिन के निचले स्तर से मजबूत वापसी की।''

## अभिनेता रणबीर कपूर ने अयोध्या में 3.31 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी



**मुंबई :** फिल्म अभिनेता रणबीर कपूर ने अयोध्या की चर्चित भूखंड परियोजना 'द सरयू' में 3.31 करोड़ रुपये के निवेश से जमीन खरीदी है। रियल एस्टेट कंपनी एचओबीएल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (एचओबीएल) ने बयान में कहा कि इस प्रीमियम परियोजना में स्थित 2,134 वर्ग फुट के भूखंड का यह सौदा करीब 3.31 करोड़ रुपये का है। यह जमीन 75 एकड़ की परियोजना 'द सरयू' का हिस्सा है, जो सरयू नदी के किनारे विकसित की जा रही है। इस परियोजना में क्लब हाउस, आधुनिक जीवनशैली सुविधाएं और 'द लीला' द्वारा संचालित एक लक्जरी होटल भी शामिल है। साल के अंत में प्रदर्शित होने वाली फिल्म 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाने वाले रणबीर ने कहा कि अयोध्या से उनका जुड़ाव भावनात्मक है और यह उनके परिवार की विरासत का हिस्सा बनेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने केवल इस आह्वान को स्वीकार किया है।



# तिलक के तूफान में उड़ी पंजाब, मुंबई की छह विकेट से जीत



**धर्मशाला :** तिलक वर्मा की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी और शारदुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। पंजाब की यह लगातार पांचवीं हार रही।201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने 33 गेंदों में 75 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें छह चौके और छह छक्के शामिल रहे। उन्होंने विल जैक्स (नाबाद 25) के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 20 गेंदों में 56 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। रेयान रिकेल्टन ने भी 48 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई।मुंबई को आखिरी दो ओवर में 28 रन चाहिए थे। जैक्स ने अर्शदीप सिंह पर चौका-छक्का जड़कर दबाव कम किया, जबकि अंतिम ओवर में तिलक ने लगातार दो छक्के लगाकर जीत सुनिश्चित कर दी।इससे पहले पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह के 57 रन और अजमतुल्लाह उमरजई की 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी की मदद से आठ विकेट पर 200 रन बनाए। प्रभसिमरन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन बीच के ओवरों में शारदुल ठाकुर ने शानदार वापसी कराते हुए चार विकेट झटके।दीपक चाहर ने दो विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में पंजाब की रनगति पर अंकुश लगाया। हार के बावजूद पंजाब 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है, जबकि मुंबई नौवें स्थान पर है।

## लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था, रन नहीं बनने से बैचेन हो जाता हूं : कोहली



**रायपुर :** भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा ,'' पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं।'' उन्होंने कहा ,''ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है। मैं लगातार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता हूं ताकि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को देकर छाप छोड़ सकूं।'' कोहली ने स्वीकार किया कि पिछले दो मैचों में खाता नहीं खोल पाने से वह नर्वस थे लेकिन यह भी कहा कि नाकामी खिलाड़ी के विकास में भूमिका निभाती है। उनहोंने कहा ,'' शतक जमाने के बाद जश्न बड़ा नहीं था क्योंकि हमें अंकों की अहमियत पता है। हम सभी टीम के लिये खेलने का प्रयास करते हैं। इसलिये कहते हैं कि दबाव अच्छा रहता है क्योंकि इससे आपको अपना खेल निखारने में मदद मिलती है। दो मैचों में अच्छा नहीं खेल पाने से नर्वस था जिससे अच्छे प्रदश्रन में मदद मिली। इसलिये नाकामियां भी जरूरी है जो और बेहतर करने के लिये प्रेरित करती हैं।'

## सिंधू और लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



**बैंकॉक :** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा। हालांकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी। मालविका बंसोड़ को एकतरफा मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की चैंपियन चेन यू फेई के खिलाफ 12-21 7-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई अंडर-15 चैंपियनशिप: भारत सात स्वर्ण के साथ लड़कियों की पदक तालिका में शीर्ष पर

**ताशकंद :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य समेत कुल 27 पदक जीते। भारत अंडर-15 लड़कियों की तालिका में सात स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि अंडर-15 लड़कों ने दो स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक जीते। लड़कियों में अंजी (37 किग्रा), सोनिया (40 किग्रा), तन्वी (43 किग्रा), हंसिका अत्री (46 किग्रा), सुनैना (58 किग्रा), भूमिका (61 किग्रा) और एंजेल (70 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अक्षिता (33 किग्रा) और तन्वी (64 किग्रा) को उज्बेकिस्तान की मुक्केबाजों से कड़े मुकाबले में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## तीन कप्तानों को पद से हटाया जा सकता है आईपीएल में निराशाजनक अभियान के बाद



**नयी दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी में बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार सत्र समाप्त होने के बाद अक्षर पटेल, ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे की कप्तानी की समीक्षा की जा सकती है, क्योंकि तीनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं।दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। उन्होंने नौ पारियों में केवल 100 रन बनाए, जिनमें से 56 रन एक ही मैच में आए। बाकी मुकाबलों में उनका प्रदर्शन बेहद फीका रहा। गेंदबाजी में भी वह अपेक्षित असर नहीं छोड़ सके। सूत्रों का कहना है कि कप्तानी के दौरान वह कई फैसलों के लिए कोचिंग स्टाफ पर निर्भर नजर आए। हालांकि फ्रेंचाइजी भविष्य में उन्हें खिलाड़ी के रूप में बरकरार रख सकती है।लखनऊ सुपर जायंट्स की हालत और भी खराब रही। टीम आधिकारिक रूप से प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। कप्तान ऋषभ पंत पूरे सत्र में दबाव में दिखे और लगातार बल्लेबाजी क्रम बदलते रहे। उन्होंने 11 मैचों में 251 रन बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट और आक्रामकता आधुनिक टी20 क्रिकेट के हिसाब से संतोषजनक नहीं रही। उनके बल्ले से केवल नौ छक्के निकले, जिससे उनकी लय की कमी साफ दिखाई दी। टीम चयन और संयोजन को लेकर भी कई फैसलों पर सवाल उठे। फ्रेंचाइजी मालिक संजीव गोयनका को परिणामों को लेकर बेहद सख्त माना जाता है और लगातार दूसरे सत्र में टीम का पिछड़ना प्रबंधन को स्वीकार नहीं होगा।वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी भी आलोचना के घेरे में है। रहाणे और युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने शीर्ष क्रम में धीमी बल्लेबाजी की, जिससे टीम को तेज शुरुआत नहीं मिल सकी। दोनों ने मिलकर 11 मैचों में सिर्फ 25 छक्के लगाए। टीम प्रबंधन की रणनीति और संयोजन पर भी सवाल उठे हैं।सूत्रों का मानना है कि अगले सत्र से पहले इन तीनों फ्रेंचाइजी में कप्तानी और कोचिंग स्टाफ स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## प्लेऑफ की उम्मीद बचाए रखने उतरेगी चेन्नई

**लखनऊ :** इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की दौड़ को रोमांचक बनाए रखने के इरादे से चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी। चेन्नई के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा है, जबकि लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और उसके लिए यह मैच केवल सम्मान बचाने का अवसर होगा। चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में बेहतर प्रदर्शन कर वापसी की है। टीम फिलहाल 11 मैचों में छह जीत के साथ पांचवें स्थान पर है, लेकिन अंतिम चार में जगह बनाने के लिए उसे अपने बाकी सभी मैच जीतने होंगे। साथ ही अन्य टीमों के नतीजों पर भी उसकी नजर रहेगी। कप्तान रुतुराज गायकवाड़, उर्विल पटेल और शिवम दुबे ने बल्लेबाजी में जिम्मेदारी निभाई है। उर्विल की आक्रामक शुरुआत से पावरप्ले में टीम को मजबूती मिली है। हालांकि हरफनमौला जैमी ओवर्टन के चोटिल होकर बाहर होने से गेंदबाजी कमजोर पड़ी है। नूर अहमद, अकील हुसैन और मुकेश चौधरी से टीम को फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर लखनऊ की सबसे बड़ी चिंता कप्तान ऋषभ पंत का खराब फॉर्म रहा है। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन टीम एक इकाई के रूप में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है।

## पिछले दो सप्ताह यातना जैसे रहे : निकहत

**पटियाला :** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले दो सप्ताह मुक्केबाजों के लिए 'यातना' जैसे रहे क्योंकि खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के बीच प्रशासनिक विवाद में पिस गए। साइ ने बीएफआई की मूल्यांकन-आधारित चयन प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। कई मुक्केबाजों की शिकायतें मिलने के बाद साइ ने इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए टीम चयन हेतु चल रहे मूल्यांकन शिविर को बीच में ही रोक दिया था। इसके बाद महासंघ को पारंपरिक ट्रायल-आधारित चयन प्रणाली पर वापस लाना पड़ा।

**वर्ष 11, पूर्णांक 3592 अंक 058 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in